शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 29, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 24 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## लोकसभा चुनाव के लिए स्टालिन ने दिया गुरुमंत्र

**चेन्नई**

**आम** चुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके ने भी इसके लिए कमर कस ली है। शुक्रवार को डीएमके अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पार्टी नेताओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की। इस बैठक में सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की चुनाव प्रचार अभियान आसान और साधारण होना चाहिए, जो सभी को समझ आए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रचार अभियान में लोगों को बताया जाए कि डीएमके सरकार में सभी वर्ग के लोगों की सुरक्षा की जाएगी और साथ ही इसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख होना चाहिए।

**राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर जीत की उम्मीद**

स्टालिन ने उम्मीद जताई कि पार्टी और इसके सहयोगी आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 39 लोकसभा सीटों और पुडुचेरी की लोकसभा सीट पर भी जीत दर्ज करेगी। सीएम स्टालिन ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ वर्चुअली बैठक की और बताया कि पार्टी की चुनाव तैयारियां तेज गति से आगे बढ़ रही हैं। स्टालिन ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं के बारे में भी जनता को जानकारी दी जाए, जिनमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाए।

लोकसभा चुनाव में डीएमके, कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। वहीं कमल हासन की पार्टी मक्कल निधि मैय्यम के भी इस गठबंधन में शामिल होने की चचाएं हैं। वहीं भाजपा और एआईएडीएमके अलग-अलग चुनाव लड़ सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि भाजपा और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन भी हो सकता है और इसे लेकर पर्दे के पीछे बात हो रही है।

# 'भारत दुनिया की सबसे मजबूत शक्ति बनेगा'

## 'मोदी का तीसरा कार्यकाल सबसे प्रखर कार्यकाल होने वाला है, भारत का आर्थिक, सामाजिक हर क्षेत्र बुलंदी पर होगा'

**वाराणसी**

**पीएम ने करखियांव** में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी ने सारी सीटें मोदी को देने का निर्णय कर लिया है। मोदी का तीसरा कार्यकाल सबसे प्रखर कार्यकाल होने वाला है। भारत का आर्थिक, सामाजिक हर क्षेत्र बुलंदी पर होगा। भारत 11वें नंबर से ऊपर उठकर 5वें नंबर पर आया। अब तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की सबसे मजबूत शक्ति बनेगा। देश को चार लेन, छह लेन, आठ लेन की सड़कें बन रही है। वंदे भारत चल रहा है। ऐसे ही विकास कार्य आए दिन होंगे। देश का कायाकल्प होने वाला है। इस भारत को विकसित भारत का इंजन बनाऊंगा।

**जमानत भी नहीं बचेगी:** गठबंधन पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा माल वही है, पैकिंग नई है। इस बार यूपी की जनता ने मोदी की गारंटी वाली सरकार चुनने का निर्णय ले लिया है। इस बार जमानत भी नहीं बचेगी। पीएम ने कहा कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी करने वाली गारंटी। पीएम ने कहा यूपी और बिहार को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार काम कर रही है। भविष्य में बनारस से कोलकाता का समय करीब-करीब आधा होने वाला है। इन सड़कों पर आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। काशी यूपी ही नहीं देश की भी एक महत्वपूर्ण नगरी बनेगी।





### बनास डेयरी से महिलाएं हुईं सशक्त: पीएम

**पीएम** ने कहा कि काशी का जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरी यह विशेष जिम्मेदारी बनती है कि मैं आप सभी की सुविधाओं का ख्याल रखूं, यह मेरा दायित्व है। इस पावन समय पर मुझे अपना दायित्व पूरा करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि आज वाराणसी से हजारों करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास होने जा रहा है जिससे जनता को लाभ मिलेगा। इस योजना में रविदास मंदिर के लिए भी कार्य होगा। सड़कों से लेकर भजन-कीर्तन के लिए भी सुविधाएं दी जाएंगी ताकि भक्तों को आध्यात्मिक लाभ मिले साथ ही उनकी कई परेशानियों से छुटकारा मिल सके।



बनास डेयरी का उद्घाटन करने के बाद पीएम ने कहा इस योजना से हजारों महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं। उन्होंने कहा पशुपालन को डबल इंजन की सरकार बढ़ावा दे रही है। अन्नदाता को उर्वरकदाता बनाने के लिए प्रयास जारी है। गोबर से बायो सीएनजी बने इस पर काम हो रहा है। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। पीएम ने कहा पहले की सरकार और हमारी सरकार में यही अंतर है कि हम आत्मनिर्भर भारत बनाने का कार्य करते हैं और पहले की सरकारें हर जरूरत की चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहते थे। इससे देश आत्मनिर्भर नहीं हो सकता।

आने वाले दिनों में काशी मेक इन इंडिया का ज्ञान देगी।

काशी का तेज विकास थमेगा नहीं: पीएम ने कहा आने वाले पांच वर्षों में काशी का नेशनल परिसर तैयार हो जाएगा। जिससे युवाओं को काफी फायदा होगा। बुनकरों को भी संबल प्रदान किया जाएगा। एक नया मेडिकल कॉलेज बनने वाला है। आज कई करोड़ की मशीनों का लोकार्पण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। काशी का तेज विकास नहीं थमेगा। काशीवासियों और बाबा का आशीर्वाद पाकर विकास कार्यों को मैं आगे बढ़ा रहा हूं।

### 'जो खुद होश में नहीं, वह यूपी और काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे'



**पीएम मोदी** ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मोदी को गाली देते-देते तो इन्होंने 2 दशक बिता दिए और अब ईश्वर रूपी जनता-जनार्दन पर, यूपी के नौजवानों पर ही ये लोग अपनी फ्रस्ट्रेशन निकाल रहे हैं। कांग्रेस के युवराज का कहना है कि काशी के नौजवान, यूपी के नौजवान नशेड़ी हैं। जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं, वो यूपी के, मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। अरे घोर परिवारवादियों... काशी का, यूपी का नौजवान तो विकसित यूपी बनाने में जुटा है, अपना समृद्ध भविष्य लिखने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहा है। आजकल तो इनके गुस्से का, इनकी बौखलाहट का एक और भी कारण है। इनको काशी और अयोध्या का नया स्वरूप बिल्कुल पसंद नहीं आ रहा। ये अपने भाषणों में राम मंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातें करते हैं। मैं ये नहीं जानता था कि कांग्रेस को प्रभु श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोटबैंक से बाहर देख नहीं सकते, सोच नहीं सकते। तभी तो हर चुनाव के दौरान साथ आते हैं और जब परिणाम निल बटे सन्नाटा आता है तो ये एक-दूसरे को गाली देते हुए अलग हो जाते हैं। गुरु संत रविदास की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद पीएम मोदी ने मंच से जनता को संबोधित किया। उन्होंने बनारस को मिनी पंजाब कहा। कहा कि संत रविदास की कृपा से ही यह संभव है।

## महानंद डेयरी: 'राजनीतिक फायदे के लिए झूठ बोल रहा विपक्ष'

**मुंबई**

**महाराष्ट्र की** महानंद डेयरी को लेकर राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। विपक्ष लगातार आरोप लगा रहा है कि केंद्र और राज्य सरकार महानंद को गुजरात ले जाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए शिंदे सरकार महानंद को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) को सौंप देगी। मामले को बढ़ता देख महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष राजनीतिक फायदे के लिए महानंद डेयरी को लेकर झूठे आरोप लगा रहा है।

## दलित वोटों को लेकर आप-कांग्रेस गठबंधन में अब नया पेंच

**नई दिल्ली**

**आम आदमी पार्टी** और कांग्रेस के बीच सीटों के तालमेल में दलित मतदाताओं को अपने पाले में लाने के मुद्दे पर आपसी मतभेद सामने आ रहे हैं। अब तक के तय फॉर्मूले में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को दिल्ली में चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली के अलावा उत्तर पूर्वी दिल्ली की सीट दी थी। इस पर कांग्रेस नेताओं ने सहमति भी जता दी थी, लेकिन अब कांग्रेस अपने लिए उत्तर पूर्वी दिल्ली की सीट की बजाय उत्तर पश्चिमी दिल्ली की सीट मांग रही है। यही कारण है कि दोनों दल एक बार फिर आमने-सामने आ गए हैं। दरअसल, कांग्रेस शुरू से ही अपने लिए उत्तर पश्चिमी दिल्ली की सीट मांगी थी। यह सीट अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए सुरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के हंसराज हंस को बड़ी जीत मिली थी। कांग्रेस के राजेश लिलोठिया यहां तीसरे नंबर पर रहे थे। लेकिन दलित मतदाताओं की बहुलता वाली सीट पर कांग्रेस अपना दावा जताती रही है।



## 'रक्षा मामले में आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी, खासकर एयरोस्पेस के क्षेत्र में'

**नई दिल्ली**

वायुसेना के उप-प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित का कहना है कि किसी भी देश का औद्योगिक रूप से मजबूत होना और रक्षा मामले में आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी है, खासकर एयरोस्पेस के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बेहद जरूरी है। नई दिल्ली के कैंट इलाके में मानेकशॉ सेंटर में आयोजित हुए एक सम्मेलन के दौरान वायुसेना उप-प्रमुख ने ये बात कही। सम्मेलन का विषय 'एनरजाइजिंग इंडियन एयरोस्पेस इंडस्ट्री: आत्मनिर्भर भारत के लिए चुनौती' था। कार्यक्रम में वायुसेना के कई शीर्ष अधिकारी और विभिन्न रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान अपने संबोधन में एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि हर देश आत्मनिर्भर बनना चाहता है और खासकर दुनिया में चल रहे दो युद्धों के बाद ये और भी ज्यादा अहम हो गया है। एयर मार्शल का यह बात रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्राइल हमास युद्ध को लेकर कही। उन्होंने वायुसेना के लिए आत्मनिर्भरता की अहमियत पर अपनी बात रखी और वायुसेना की चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमें औद्योगिक रूप से मजबूत बनना होगा और साथ ही रक्षा मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भरता जरूरी है, खासकर एयरोस्पेस क्षेत्र में। 'इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चर्स' और एयर फोर्स थिंक टैंक 'सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज' भी इस कार्यक्रम के सह-आयोजक रहे।



## किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाए सरकार: कांग्रेस



**नई दिल्ली**

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि सरकार को किसानों से जुड़े उन मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए जिनकी वजह से किसान संगठन आंदोलन कर रहे हैं। यही नहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों को बुलेट की गारंटी दे रहे हैं।

**बुलेट की गारंटी दे रहे पीएम मोदी**

जयराम ने एक्स पर पोस्ट किया- 'किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। किसानों के दम पर ही हम हरित क्रांति और श्वेत क्रांति लाने में सक्षम हुए। इनकी मेहनत की वजह से ही कृषि के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बना। आज वही किसान जब एमएसपी की गारंटी मांग रहे हैं तब प्रधानमंत्री मोदी उन्हें बुलेट की गारंटी दे रहे हैं।'

**किसानों का अपमान कर रही सरकार**

उन्होंने कहा कि किसानों पर आंसू गैस के गोले दागना और गोली चलाना अन्याय की पराकाष्ठा है। यह सरकार चंदादाताओं का सम्मान और किसानों का अपमान कर रही है। कुछ ऐसा ही सलूक युवाओं के साथ हो रहा है। जब वे रोजगार की मांग करते हैं तब उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं। अग्निपथ जैसी योजनाओं से उनका भविष्य बर्बाद किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अब पिछले 10 साल के अन्याय काल का अंत नजदीक आ गया है। कांग्रेस पार्टी अपने पांच न्याय एजेंडे के दो मुख्य स्तंभों-किसान न्याय और युवा न्याय के माध्यम से इन्हें न्याय का हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दक्षिण के राज्यों में गरमाया मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष का मुद्दा

**नई दिल्ली**

मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष वैसे तो कोई नया नहीं है, लेकिन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केरल, कर्नाटक व तमिलनाडु में यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है। वजह इस संघर्ष का न थमना है। इसे लेकर प्रभावित लोगों के साथ ही राजनीतिक दल भी अब विरोध- प्रदर्शन के लिए मैदान में कूद पड़े है। स्थिति को देखते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने वायनाड़ (केरल) का दौरा किया व हाथियों के हमले से मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिया कि मानव जीवन की रक्षा के लिए जो करना पड़ेगा वह हम सब करेंगे। इससे निपटने के लिए विशेषज्ञों के साथ तकनीक की भी पूरी मदद ली जाएगी। इससे पहले वायनाड में हाथियों के हमले में हुई मौतों के बाद स्थानीय लोगों द्वारा किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए वायनाड सांसद और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी अपनी न्याय यात्रा को रास्ते में छोड़कर यहां आए थे।



## भारत-अमेरिका के बीच हुई 11वीं द्विपक्षीय वार्ता

**नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 11वीं द्विपक्षीय राजनयिक वार्ता की। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इसमें प्रत्यर्पण, छात्रों और पेशेवरों की आवाजाही, सुरक्षित और कानूनी प्रवासन, कमजोर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा व अपने-अपने नागरिकों की यात्रा को सुगम बनाने जैसे मुद्दे शामिल थे।

**केजे श्रीनिवासन ने किया भारत का नेतृत्व**

विदेश मंत्रालय (एमईए) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एमईए के संयुक्त सचिव (सीपीवी) केजे श्रीवास्तव ने किया जबकि अमेरिका की वाणिज्य दूतावास मामलों की सहायक विदेश मंत्री रेना बिटर ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व किया।

## सीएम मनोहर लाल ने पेश किया लोकहितकारी बजट

**चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मनोहर लाल ने राज्य विधानसभा में अपने दूसरे कार्यकाल में वर्ष 2024 25 का 1 लाख 89 हजार 876.61 करोड़ का बजट पेश किया। पिछले सत्र के बजट प्रस्तावों के मुकाबले इस बजट में 11.37 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई गई है। बजट में कोई नया कर नही लगाया गया है। लेकिन बजट में 10,918.58 करोड़ का प्रभावी राजस्व घाटा और राजकोषीय घाटा 33 हजार 634.50 करोड़ का दिखाया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने संबोधन में कहा कि राजकोषीय घाटा प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले अनुमेय सीमा में है। अलबत्ता चुनावी वर्ष का बजट होने के कारण मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मनोहर लाल ने बजट को लोकहितकारी रूप देने का प्रयास किया।



मुख्यमंत्री ने बजट में प्रावधान किया कि 30 सितंबर 2023 तक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के जरिए लिए गए कृषि ऋण की मूल राशि का भुगतान 31 मई 2024 तक करने पर ब्याज और जुमार्ना माफ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि 5 लाख 47 हजार 995 किसानों का 1 हजार 739 करोड़ ब्याज और जुर्माना बनता है।नहरी पानी पर निर्भर किसानो को राहत देते हुए मुख्यमंत्री ने 1 अप्रैल 2024 से आबियाना बंद करने का ऐलान किया।आबियाणा बंद करने से 4299 गांवों को 140 करोड़ का एकमुश्त लाभ मिलेगा। निर्धनतम वर्ग के 2किलो वाट तक के घरेलू टैरिफ श्रेणी प्रथम के उपभोक्ताओं को एम एम सी को समाप्त कर दिया। मनोहर लाल ने किसान हित में इस राहत की घोषणा करते हुए कहा कि में किसान हू।

**कुल 450 एसी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा**

हरियाणा सिटी बस सेवा निगम लिमिटेड के माध्यम से हाल ही में पानीपत और यमुनानगर में एसी इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू हो चुकी है और करनाल व पंचकूला में मार्च, 2024 के मध्य में शुरू हो जाएंगी। शेष पाच शहरों में जून, 2024 तक सिटी बस सेवाएं शुरू होने की संभावना है। इसके लिए कुल 450 एसी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा।

ई-रिक्शा विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में डीजल रिक्शा की तुलना में कम लागत वाला परिवहन विकल्प है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण पर बढ़ती चिता और ई-रिक्शा मालिकों की मांग पर ई-रिक्शा के लिए वार्षिक शुल्क की बजाय एक ही बार शुल्क लगाया जाएगा। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा अलग से अधिसूचना जारी की जाएगी।

**लड़कियों के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटर की योजना**

सीएम ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थी परिवारों की संख्या अब बढ़कर 44 लाख से अधिक हुई है। निर्माण श्रमिकों की बेटियों को उच्चतर शिक्षा दिलाने के लिए 50,000 रुपए वित्तीय सहायता या इलेक्ट्रिक स्कूटर की वास्तविक एक्स-शोरूम कीमत, जो भी कम हो, उस पर इलेक्ट्रिक स्कूटर उपलब्ध कराने की योजना शुरू की जाएगी।

# विवाह में जा रही महिला का अप्पे सवार टप्पे बाजों ने बैग में रखा चार लाख का गहना किया पार, पुलिस जांच में जुटी

अखंड भारत संदेश





जसरा। जसरा बाजार में मनोज केसरवानी के लड़के मोंटी केसरवानी का विवाह का कार्यक्रम चल रहा है। इसी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गुरुवार को प्राची केसरवानी पत्नी सौरभ केसरवानी चाका ब्लाक स्थित अपने मायके से अप्पे द्वारा जसरा आ रही थी। अप्पे सवार टप्पे बाजों ने महिला के बैग से चार लाख के गहने उड़ा दिए। महिला जब देर शाम को तैयारी के सिलसिले में अपना बैग खोला तो उसके बैग में गहने गायब थे। पीड़िता ने तुरंत 112 नंबर पर फोन कर इसकी जानकारी पुलिस को दी। जानकारी पाकर घूररपुर थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए तथा जांच में जुट गए। देर तक महिला से पूछताछ भी की गई। महिला ने आशंका व्यक्त की है कि वह जब टेंपो से आ रही थी उसके साथ उनकी मौसी गुंजा भी साथ थी। महिला का कहना है की नवीन मंडी स्थल जसरा के पास अप्पे चालक ने यह कहकर महिला व उनकी मौसी को पहले से दूसरे अप्पे में बैठा दिया कि वह जसरा रेलवे क्रॉसिंग के आगे नहीं जाएगा। अब चालक ने महिला का बैग लेकर पीछे की सीट पर रख दिया जहां पहले से ही चार लोग बैठे थे। वहीं दोनों महिलाएं बीच वाली सीट पर बैठ गई। मंडी स्थल से जसरा रेलवे क्रॉसिंग के बीच महिला का आरोप है की मंडी स्थल से लेकर जसरा रेलवे क्रॉसिंग के बीच लगभग एक डेढ़ किलोमीटर दूरी के बीच अप्पे में बैठे लोगों ने महिला के बैग के अंदर रखा स्टील के डिब्बे से गहना पार कर दिया। महिला ने बताया कि मंगलसूत्र, बेंदी, अंगूठी, नथिया, हार, लॉकेट वाली कील आदि लगभग 70 ग्राम सोने का सामान रखा था। जिसकी कीमत लगभग चार लाख रुपए बताया जा रहा है। पीड़ित महिला ने शुक्रवार को सुबह घूरपुर थाने जाकर घटना की तहरीर दे दी है। वहीं प्राचीन के पास स्थित ज्वेलरी की दुकानों पर लगे सीसीटीवी को चौकी प्रभारी गौहनिया खंगाल रहे हैं तथा अप्पे का सुराघ लगाया जा रहा है। पीड़ित महिला लगभग 3:00 बजे अपने मायके चाका ब्लाक से चलकर लगभग 4:00 बजे जसरा रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित मनोज केसरवानी के घर पहुंच गई। शाम को मनोज केसरवानी व उनकी पत्नी का शादी का सालगिरह के अवसर पर जब महिलाएं तैयार होने लगी तो पीड़ित महिला को भी गहने के गायब होने की जानकारी मिली। महिला ने पहले खोजबीन करने का प्रयास किया लेकिन गहना नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस सभी एंगल से जांच पड़ताल में जुटी हुई है। महिला का गहना गायब होने से महिला बदहवास हो गई है तथा अपने ज्वेलरी को पाने के लिए प्रयास कर रही है।

### रास्ता और नाली पर हो रहे निर्माण का विरोध पर मारपीट

**मऊआइमा।** मऊआइमा में रास्ता और नाली पर हो रहे निर्माण कार्य का विरोध करने पर मार पीट की गई। पीड़िता ने घटना मामले की तहरीर थाने में दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासिनी खलिकुन निशां पत्नी जमील अहमद का आरोप है कि गांव के ही कतिपय लोग रास्ता बंद करने लगे विरोध पर उसकी बात नही माने तो पीड़िता ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने काम रुकवा दिया। पुलिस के वापस जाने के बाद आरोप है कि विपक्षी एकजुट होकर जमील अहमद और उसकी पत्नी खलीकुन निशां को गाली गुप्ता देते हुए मारापीटा। ग्रामीणों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

### बोर्ड परीक्षा के दरम्यान चोरों ने प्रबंधक की बाइक उड़ाई

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में में चोरों का तनिक भी खौफ नहीं है। शुक्रवार को पाली की परीक्षा के दौरान चोर प्रबंधक की बाइक उडा ले गए। मऊआइमा क्षेत्र में चोरों का जलवा अब भी कायम है। बताया गया है कि ग्राम मदारी स्थित कडेदीन स्मारक इंटर मीडिएट कालेज में शुक्रवार को दूसरे पाली की परीक्षा में चोरों ने प्रबंधक धर्म राज सिंह की बाइक उडा दी। प्रबंधक धर्मराज सिंह ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

## कोऑपरेटिव डायरेक्टर उपेंद्र सिंह हुआ भव्य स्वागत




**फाफामऊ।** पुराने फाफामऊ निवासी पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता उपेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक का डारेक्टर बनाया था। शुक्रवार को प्रथम नगर आगमन पर जगह जगह भाजपा कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। स्वागत की कड़ी में मलाक हरहर तिराहे पर भाजपा कार्यकताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया। इसी तरह शान्तिपुरम में माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसी तरह फाफामऊ बाजार में भी व्यापारी एव अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों न भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जय सिंह, गौरव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, गोपी केसरवानी, अमित केसरवानी,आरडी वर्मा, धीरज अग्रवाल, धीरेन्द्र केशरवानी, धीरज सिंह, मो. सरफराज, मो. शाहिद, मो. जावेद, मो. सलमान, रिशी अग्रवाल, मुकेश केशरवानी, आनंद केशरवानी, आदि सैकड़ों नागरिक एवं व्यापारी उपास्थित रहे।

# डीहा पंचायत में दस हजार की आबादी पर ग्राम चौपाल कार्यक्रम में जुटे दर्जन भर लोग

## सूचना के अभाव में ग्राम चौपाल कार्यक्रम में लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

अखंड भारत संदेश




**करछना।** सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में जन प्रतिनिधि को लाभ नहीं मिल पा रहा है शुक्रवार को विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत डीहा में आयोजित ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम में विकास खंड के अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम में दर्जन भर लोग उपस्थित रहे जों कोरम पूरा कर लौट आए, विकास खंड करछना के सबसे बड़े गांव डीहा की आवादी लगभग दस हजार की संख्या के उपर है सरकार द्वारा ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तहत विकास कार्यों एवं जन मानस की समीक्षा बैठक में समस्याओं की हकीकत परखने के लिए शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी बबीता गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी आइएसबी उदय भान, सचिव अक्षत सिंह, एडीओ आइएसबी समाज कल्याण ने पंचायत भवन डीहा में ग्राम चौपाल कार्यक्रम में शिरकत की लेकिन वही इतने बड़े गांव में महज दर्जन भर लोग इकट्ठा हुए, खंड विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र, प्रथमिक विद्यालय का जायजा लिया इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रेमचंद आदिवासी एवं सहायक सचिव के अलावा महज कुछ लोग उपस्थित रहे, यही हाल अन्य गांवों में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का हाल है।

## बाइक सवार यूवकों ने सेल्समैन से छीने चालीस हजार

**झूंसी।** नई झूंसी गंगोली शिवाला गंगा के निकट माघ मेला से कलेक्शन करके घर लौट रहे सेल्समैन से बाइक सवार युवकों ने उससे चालीस हजार छीनकर चलते बने। मामले की तहरीर थाने में दी गई है। नई झूसी धर्मशाला निवासी श्रवण कुमार निषाद छप्पर आदि का बिक्री करता है। वह शुक्रवार की रात माघ मेला से पैसा कलेक्शन करके घर लौट रहा था। इसी दौरान नई झूसी गंगोली शिवाला के निकट दो बाइक पर सवार चार युवकों ने ओवरटेक कर उसकी बाइक रोक ली और उसकी जेब से चालीस हजार निकालकर चलते बने। घटना की तहरीर भुक्तभोगी ने थाने में दी। इस संबंध में झूसी थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# हिंदू धर्म की पूरी व्याख्या करता है राम का विग्रहः कवींद्र प्रताप

## शंकरगढ़ में धर्म रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम काआयोजन



**बारा/शंकरगढ़।** जनपद के यमुनापार में शुक्रवार को विहिप के द्वारा धर्म रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शंकरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के चीफ गेस्ट काशी प्रांत,विहिप बजरंग दल के प्रांतीय अध्यक्ष कवींद्र प्रताप सिंह रहे। उन्होंने बीते माह अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर की स्थापना, विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी को बधाई दी। राम मंदिर के लिए वर्ष 1991 में हुए ऐतिहासिक आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए कहा, उस दौर में गांव-गांव से कार सेवक अयोध्या गए थे। यह आंदोलन पूरे देश की आत्मा का जागरण था। हमारे पूर्वजों ने अपना आराध्य के लिए जो संघर्ष किया, उसका प्रतिफल हमें बीते 22 जनवरी को देखने को मिला। सदियों के निर्वासन के पश्चात हमारे राम वापस अपने घर लौट आए। उन्होंने कहा, अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हमारी चेतना का प्रतीक है। यह हमारी सोच का ही परिणाम है कि पत्थर को भी भगवान मानते हैं। राम का विग्रह ही धर्म की व्याख्या करता है, यह हमारे लिए सीखने की बात है। उन्होंने कहा कि भारत जैसी परंपरा और विविधता धरती पर कहीं और नहीं मिलती। कहा कि सभी लोग धर्म का पालन करें, मिलकर कार्य करें, मदद करें, हम आगे बढ़ेंगे। इस दौरान सेवकों ने शंकरगढ़ प्रखंड से संग्रह कर 1.21 लाख का चेक कवींद्र प्रताप सिंह को सौंपा। इसके अलावा 21 हजार रुपये राजकुमार कुमार सिंह और पांच हजार प्रकाशचंद्र मिश्र ने दिया। आयोजन की अध्यक्षता प्रकाश चंद्र मिश्र ने की। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष चंद्रनिधान पांडेय, अंशुमान, प्रधानाचार्य डा. गंगा तिवारी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विजय शंकर पांडेय, मनोज सिंह, महेश, धर्मेंद्र, सुशील सिंह, नगर अध्यक्ष कैलाशबाबू केसरवानी, सुजीत केसरवानी, राम सिंह, राजकुमार, शुभम पांडेय, विजयशंकर द्विवेदी, आदर्श, वीरेंद्र मिश्र, राजू सिंह, रामानुज गुप्ता,नरेंद्र गुप्ता, सहित केसरवानी, राजेंद्र उर्फ राजू केसरवानी, राजेश केसरवानी, दीपक केसरवानी मौजूद रहे।

# धार्मिक अनुष्ठान कर हुआ विष्णु सहस्त्रनाम का जाप



**सहसों।** माघ मास में क्षेत्र में जगह-जगह भक्त श्रद्धालुओं द्वारा घरों एवं मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, भजन कीर्तन, नारायण जाप, हवन यज्ञ इत्यादि कर अंतःकरण को शुद्ध एवं जीवन को कृतार्थ करते पुण्य के भागी बन रहे हैं। इसी प्रकार सहसों चौराहा स्थित माघी पूर्णिमा के अवसर पर पंडित मुन्ना दूबे के संयोजन में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम विद्वान आचार्य अमितेश महाराज के देखरेख में आयोजित किया गया। जिसमें सात विद्वान आचार्य द्वारा विष्णु सहस्त्रनाम के जाप के पश्चात पंडित राकेश प्रसाद मिश्र व उनके साथियों द्वारा अखंड रामायण पाठ एवं भजन संध्या का सुंदर आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित भक्तों ने देर रात तक भजन कीर्तन सुनते भक्ति भाव में डूबे रहे। आयोजन के पश्चात सायं काल हवन यज्ञ एवं भव्य आरती हुई। तत्पश्चात महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य अमितेश महाराज ने भक्तों से कहा कि धार्मिक अनुष्ठान एवं भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम के आयोजन से मनुष्य के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है तथा आंतरिक ऊर्जा में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा व्यक्ति सांसारिक जीवन में रहकर सुखी जीवन व्यतीत करता है। इस अवसर पर रंजन तिवारी, पवन श्रीवास्तव, पिंटू तिवारी, प्रमोद कुमार शुक्ला, अनिल सरोज सहित भारी संख्या में भक्त भगवान के जयकारे के साथ प्रसाद ग्रहण करते उपस्थित रहे।

# मनकामेश्वर मंडल की लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन







**लालापुर।** मनकामेश्वर मंडल लालापुर की लाभार्थी संपर्क अभियान मंडल कार्यशाला की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मनकामेश्वर मंडल अध्यक्ष शंकरलाल पाण्डेय ने किया एंव संचालन मंडल महामंत्री शैलेंद्र कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा यमुनापार जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी रहे। जिन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य को सभी कार्यकताओं के बीच में रखा और सभी कार्यकताओं के अंदर उर्जा भरते हुए यह संकल्प दिलाया कि मंडल में जो भी कार्य जिले के द्वारा भेजा जा रहा है, उसे 100% पूरा करते हुए आगामी 2024 के चुनाव में 400 के पार भाजपा सरकार के नारा को बुलंद करना है। साथ ही भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। ऐसे संकल्पों के साथ कार्यकताओं का हौसला अफजाई करते हुए अपनी बातों को कार्यकताओं के बीच में रखा। इस मौके पर मंडल प्रभारी कुलदीप सिंह पटेल, महामंत्री कप्तान सिंह, मंत्री बलराम सोनी, मंत्री दीप चंद्र शुक्ला, सेक्टर संयोजक मनोज त्रिपाठी, सेक्टर प्रभारी अतुल तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार मंगला प्रसाद तिवारी, सेक्टर संयोजक गुड्डू तिवारी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष कुसुम विश्वकर्मा, किसान मोर्चा के अध्यक्ष लवकुशपाल सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### कीचड़ युक्त सड़क पर पैदल चलना हुआ मुश्किल



**उतरांव।** सैदाबाद के भदवा पाल बस्ती गांव की सड़क बिना बारिश से कीचड़ में तब्दील हो गई है। यह सड़क भदवा, धनकेसरा, लिलवार से होते हुए बलरामपुर तक जाती है। जिसकी लंबाई कई किलोमीटर है।इस मार्ग से सैकड़ों लोगों को प्रतिदिन आना जाना होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि बरसात के दिनों में इस पर सफर करना काफी कठिन हो जाता है। सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है। प्रभावित गांवों तक वाहनों का पहुंचना मुश्किल हो जाता है। यात्री वाहनों का परिचालन को बंद कर दिया जाता है। सबसे ज्यादा कष्ट गर्भवती महिलाएं तथा बीमार लोगों को होता है।दिनेश पाल,जितेन्द्र,विनय पाल,राजेश ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान को कई बार इस समस्या को लेकर ज्ञापन दिया है।

### ग्राम संपर्क अभियान के अन्तर्गत नैनी मंडल में जनसंपर्क



**नैनी।** नैनी मंडल की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति के विषय पर एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई पूर्व कनिष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में वरिष्ठ भाजपा नेता नैनी मंडल उपाध्यक्ष शिवदानी सिंह के आवास पर। इस बैठक में उपस्थित भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने पार्टी के प्रचार प्रसार हेतु सभी को एकजुट होकर 2024 के चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने आपसी मतभेदों को भूलकर सभी कार्यकताओं को एकता के साथ पार्टी की विजय सुनिश्चित करने का मंत्र दिया बैठक में प्रमुख रूप से शिवदानी सिंह, संजय श्रीवास्तव, नीरज शर्मा अध्यक्ष नैनी मंडल, उमेश सेन, गौरव केसरवानी, योगेन्द्र शुक्ला, प्रदीप कुमार तिवारी, आर एल दूबे आदि भाजपाई उपस्थित रहे।

### सपा नेता आशुतोष तिवारी का हुआ भक्त स्वागत



**सहसों।** समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष क्षेत्र के रुदापुर गांव निवासी आशुतोष तिवारी का जिला अध्यक्ष बनने के बाद टटिहरा रोड, बंदर बाग, रुदापुर, थानापुर, सहसों सहित दर्जनों स्थानों पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी के हित में काम करते हुए आगामी चुनाव में पार्टी में भारी संख्या में युवाओं को जोड़ने के साथ संगठन की मजबूती के लिए संकल्पित होकर कार्य करूंगा। जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने सभी कार्यकताओं एवं मित्रों का अभिवादन स्वीकार करते दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ पार्टी कार्यालय प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रुदापुर सुनीता यादव, लालचंद, रामप्रताप पाल, सुभाष, महाबली यादव, माधव तिवारी, धर्मेंद्र भारती, चंदन, गोरे लाल, विधानसभा अध्यक्ष शकील इस्माइल, महेश पटेल, सोनू पांडे, मनोज कुमार सिंह, कलेक्टर पांडे, सौरभ, रविंदर, प्रियांशु, अमित सहित भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यालय है ज्ञान का मंदिर और बच्चे हैं उसके पुजारी : अवनीश मिश्रा

## मेजा के निधि का पूरा में स्थित प्रा वि में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह



**मेजा।** शासन के मंशानुरूप विकास खंड मेजा के निधि का पूरा गांव में स्थित प्रा वि में मंगलवार को वार्षिकोत्सव समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति भी की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसबीटीसी के जिलाध्यक्ष अवनीश मिश्रा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती कि प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के पश्चात आए हुए अतिथियों के स्वागत सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसकी उपस्थित लोगों ने तारीफ किया। तत्पश्चात समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अवनीश मिश्रा ने कहा कि विद्यालय ज्ञान का मंदिर है और शिक्षा रत बच्चे इस ज्ञान के मंदिर के पुजारी हैं जितनी ही लगन और मेहनत के शिक्षा रूपी मंदिर में पूजा करेंगे उतना ही उन्हें ज्ञान अर्जित होगा और वे शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने विद्यालय के प्रबंध समिति की अध्यक्षा श्रीमती गीता देवी व प्रधानाध्यपक एवं सहायक अध्यापकों का कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के विद्यालय के निपुण छात्र छात्राएं पूजा दिव्या प्रमीला संध्या मांशी सत्यम शिवकुमार तन्नू तथा शिवाकांत को प्रोत्साहन स्वरूप जहां सम्मानित किया गया वहीं सौ प्रतिशत उपस्थिति के लिए पूजा संध्या प्रमिला को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यपक आफताब अहमद सहायक अध्यापिका श्रीमती मधु शुक्ला शिक्षामित्र रामनरेश के अलावा अभिभावक रामसजीवन राम भागवत दिनेश कुमार पवन कुमार सुरेश कुमार तथा रामराज सहायक अध्यापक उदय भारती आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# नारायण की प्राप्ति का मार्ग सिर्फ प्रेम है : देवी जया गौतम





अखंड भारत संदेश

**जसरा।** तहसील मुख्यालय स्थित शुक्ला आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचिका देवी जया गौतम ने नारायण की प्राप्ति का मार्ग मात्र प्रेम बताया। विभिन्न ग्रन्थों का उदाहरण देते हुए कहा की नारायण ने सिर्फ प्रेम के कारण ही विदुर के घर साग ग्रहण किया, प्रेम के कारण ही शबरी के जूठे बेर खाये। शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को बताया कि सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी को नारायण ने चतुश्लोकी भागवत का उपदेश दिया। देवी जी ने वाराह भगवान उत्पत्ति की कथा सुनाई। प्रमुख आचार्य पं. जयवर्धन मिश्रा सहित मुख्य यजमान पं. राम विशाल शुक्ल व सुमित्रा देवी ने आये सभी भक्तजनो का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर काशी प्रसाद त्रिपाठी, प्रभाकांत मिश्रा, मुन्नीलाल शर्मा, पन्नालाल जायसवाल, दिलीप जायसवाल, शिवप्रसाद कन्नौजिया, रामप्रताप कन्नौजिया, सूरज मिश्र, सुमन्त भार्गव, अशोक सिंह, नरेंद्र जायसवाल, रामू प्रसाद, दिनकर शुक्ल, दिवाकर शुक्ला, आलोक मिश्र, प्रभाकर शुक्ल, सूरज शुक्ल, रामबरन यादव सहित सैकड़ों महिला पुरूष श्रोता उपस्थित रहे।

# छात्रों ने लोक सेवा आयोग घेरा, री-एग्जाम की मांग को लेकर 8 घंटे से प्रदर्शन

**अध्यक्ष कमरे में फंसे**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आरओ-एआरओ परीक्षा में पेपर लीक के विरोध में 5 हजार छात्रों ने लोकसेवा आयोग को घेर लिया है। छात्र-छात्राओं के हाथ में तख्तियां हैं। इन पर तरह-तरह के स्लोगन लिखे हैं। जैसे- एक ही नारा, जय श्रीराम, जय श्रीराम..हमें चाहिए री-एग्जाम। तानाशाही नहीं चलेगी। इसके साथ ही जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। अध्यक्ष संजय श्रीनेत इस समय बिल्डिंग के अंदर ही मौजूद हैं। वे कमरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।पुलिस ने छात्रों को रोकने के लिए लोकसेवा आयोग के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर दी है। मगर छात्र मांग पर अड़े हैं। उनका कहना है कि जब तक पेपर कैंसिल नहीं होता है, तब तक हम यहीं डटे रहेंगे। प्रदर्शन कर रहे छात्रों और पुलिस के बीच नोक झोंक हुई। लोक सेवा आयोग चौराहे पर ही पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। ताकि, छात्र प्रदर्शन स्थल तक न जाने पाए छात्र जबरन आयोग के गेट पर जाना चाह रहे थे। 8 घंटे से छात्र लोक सेवा आयोग गेट पर नारेबाजी कर रहे है।





### 200 से ज्यादा लाइब्रेरी बंद

प्रयागराज में 200 से ज्यादा लाइब्रेरी और कोचिंग सेंटर बंद कराए दिए गए हैं। इससे पहले, आदर्श भदौरिया और हरेंद्र यादव समेत अन्य छात्र नेताओं ने सभी कोचिंग और लाइब्रेरी में जाकर छात्रों को समर्थन देने की बात की है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता आनंद कुमार मिश्रा ने कहा- जो भी कोचिंग और लाइब्रेरी इस आंदोलन में अपना नैतिक समर्थन देने के लिए बंद नहीं करेंगे। उनका छात्र बायकॉट करेंगे।

### परीक्षा में गड़बड़ियों के लिए 'लोक परीक्षा (कदाचार रोकथाम) विधेयक 2024' लाया गया

केंद्र सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक या नकल जैसी गड़बड़?यों पर लगाम लगाने के लिए 5 फरवरी को लोकसभा में 'लोक परीक्षा (कदाचार रोकथाम) विधेयक 2024' पेश किया। इस बिल में परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों और संगठनों के लिए कम से कम 3 साल और अधिकतम 10 साल की जेल की सजा और 1 करोड़ रुपए तक के जुमार्ने का प्रावधान है। हालांकि राज्य स्तर की परीक्षाएं इसमें नहीं शामिल हैं, जैसे - यूपीपीएससी आरओ एआरओ 2024 परीक्षा।

### छात्र ने कहा- 2 घंटे पहले ही मोबाइल पर आ गया था पेपर

छात्र रमेश ने कहा कि परीक्षा देने के बाद पता चला कि 2 घंटे पहले ही पेपर सबके मोबाइल पर आ गया था। इससे लगता है कि व्यवस्था में भारी चूक हुई है। लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुई है। हमारी मांग है कि आरओ-एआरओ की परीक्षा फिर से कराई जाए।

### पिछले 5 सालों में 16 राज्यों में हुए हैं पेपर लीक

हाल के वर्षों में देशभर की भर्ती परीक्षाओं में क्वेश्चन पेपर लीक होने के मामले बहुत बड़ी संख्या में सामने आए हैं। पिछले 5 वर्षों में 16 राज्यों में पेपर लीक की कम-से-कम 48 घटनाएं हुई हैं, जिससे सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया बाधित हुई है। इससे लगभग 1.2 लाख पदों के लिए होने वाली भर्ती से कम-से-कम 1.51 करोड़ आवेदकों का जीवन प्रभावित हुआ है।

## परीक्षा देकर लौट रहे दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के कलहवा चौराहे के पास बाइक से असंतुलित होकर गिरने से दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उसे एसआरएन अस्पताल ले जाया जा रहा था। जो रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। दोनों छात्र यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा देकर घर लौट रहे थे।हंडिया थाना क्षेत्र के धनीकापुरा गांव निवासी प्रशांत सिंह पुत्र धर्मजीत सिंह और प्रियांशु सिंह पुत्र चरण सिंह यादव गांव में स्थित सर्वोदय शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज में कक्षा 10 के छात्र हैं। गुरुवार की सुबह दोनों हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा देने के लिए गांधीनगर गांव स्थित कन्हैयालाल बख्श इंटर कॉलेज गए थे। परीक्षा देकर बाइक से लौटते समय कलहवा चौराहे के पास सड़क पार कर रहीं लड़कियों को बचाने के प्रयास में दोनों असंतुलित होकर सिर के बल सड़क पर गिर गए। गंभीर रूप से घायल अवस्था में दोनों को पास के अस्पताल में ले जाया गया। हालत





नाजुक होने पर दोनों को एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

## नैनी जिला जेल पहुंचे डीजी एसएन साबत, परखीं व्यवस्थाएं

**नैनी।** नैनी नवनिर्मित जिला कारागार में अब शिफ्ट वाले विचाराधीन (अंडरट्रायल) बंदियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नही होगी। बंदियों के रहने से लेकर खाने और उनकी कार्य प्रणाली पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। शुक्रवार को नैनी जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे जेल महानिदेशक एस. एन. साबत पहुंचे। उनके पहुंचने के पहले जिला जेल में सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी थी। जिला जेल पहुंचने पर गेट पर उन्होंने सलामी ली। उसके बाद जेल का निरीक्षण करने के लिए चले गये।



### पुरानी जेल थी सैकड़ों साल पुरानी नई की थी जरूरत

शुक्रवार की शाम करीब चार बजे जेल महानिदेशक एसएन साबत नैनी जिला जेल पहुंचे। उन्होंने जेल गेट के बाहर सलामी ली और निरीक्षण के लिए जेल के अंदर चले गये। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि प्रयागराज में पहले से एक केंद्रीय कारागार बना हुआ था। जो सैकड़ों साल पुराना होने के साथ बंदियों की बढ़ती संख्या के आधार पर छोटा था। जिसके बाद शासन के आदेश पर एक जिला जेल का निर्माण कराया गया है। डी.जी. जेल एस. एन. साबत ने बताया कि पहले भी एक बार जेल का निरीक्षण किया जा चुका है। उस वक्त जेल का निर्माण कार्य चल रहा था। फिलहाल अब जेल बनकर तैयार हो चुका है। बंदियों के लिए बैरक से लेकर बाकी मैनुअल के हिसाब से मिलने वाली सुविधाओ का निरीक्षण किया गया है।

## बकरी फार्म पर युवक का फंदे से लटकता मिला शव, हत्या कर शव लटकाने की आशंका

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में बम्हरौली के शिवाला बकरी फार्म पर गए युवक का फंदे से लटकता हुआ शव मिलने से सनसनी मच गई,बकरी फार्म पर पहुंचे परिजनो ने कमरे को बाहर से बंद देखा तो आशंका हुई,अंदर जाकर देखा तो शव फंदे से लटका हुआ था,मृतक के भाई ने पुलिस को हत्या कर शव लटकाने की आशंका का शिकायती पत्र दिया है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बम्हरौली स्टेशन के पास शिवाला के अबू सहमा पुत्र मोहम्मद यासीन ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका भाई मोहम्मद नासिर बकरी फार्म गया तो देखा की दरवाजा बाहर से बंद था दरवाजा खोलकर देखा तो उसके भाई अर सलान के गले में रस्सी बंधी हुई थी,और उसके नाक और मुंह से खून निकला हुआ था,उन्होंने पुलिस को आशंका व्यक्त करते हुए बताया कि पुरानी रंजिश के चलते उसके भाई की हत्या कर दी गई है। उसने हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर उचित कार्यवाई करने की बात कही है।

**माघी पूर्णिमा : मेला क्षेत्र में हाई अलर्ट**

# लाखों श्रद्धालु संगम नगरी में आएंगे, तीन स्तरीय सुरक्षा के साथ ही इमरजेंसी प्लान तैयार






अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेला के अंतिम स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के मद्देनजर मेला क्षेत्र के साथ ही शहर में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। शनिवार को लाखों श्रद्धालु संगम नगरी में आएंगे और स्नान, ध्यान, पूजा पाठ के बाद वापस जाएंगे। अन्य प्रमुख स्नान पर्वों की तरह माघी पूर्णिमा पर भी तीन स्तरीय सुरक्षा के साथ ही इमरजेंसी प्लान तैयार है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने शुक्रवार को फोर्स की ब्रीफिंग की। माघ मेला क्षेत्र में हर आने,-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। शहर के होटलों, ढाबों, धर्मशाला में ठहरे लोगों की आईडी चेक कर वेरीफिकेशन किया जा रहा है। माघ मेला क्षेत्र में हाईअलर्ट के साथ पुलिस, पीएसी, आरएएफ को नसीहत दी गई है कि श्रद्धालुओं के साथ सेवाभाव से पेश आएं। पूरे मेला क्षेत्र की अलग-अलग टीमें बनाकर एंटी सबाटोज टीम व डॉग स्क्वॉयड संग फोर्स चेकिंग कर रही है। हनुमान मंदिर, संगम नोज समेत मेला क्षेत्र के प्रत्येक संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। मेला क्षेत्र में पीएसी की 10 कंपनियों के साथ ही एटीएस के कमांडो भी कैंप कर रहे हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आरएएफ को भी मुस्तैद किया गया है। आरएएफ की दो टीमों ने मेला क्षेत्र में मोर्चा संभाल लिया है। मेला क्षेत्र की सुरक्षा के लिए चार एडिशनएल एसपी के साथ ही कुल 19सीओ की तैनाती की गई है। छह सीओ स्तर के अधिकारियों की संख्या बढ़ाई गई है। इसके अलावा कमांड सेंटर में भी लगातार निगरानी बढ़ा दी गई है। यहां शिफ्टवार 24 घंटे पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। जो मेला क्षेत्र में लगे 300 सीसीटीवी कैमरों से मिलने वाली लाइव फीड के जरिए लाइव निगरानी कर रहे हैं।

### दिव्यांगों को ई रिक्शा से पहुंचाएंगे स्नान घाट पर

दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए माघी पूर्णिमा पर भी विशेष व्यवस्था की गई है। उनके लिए पार्किंग से घाट तक ई रिक्शा की व्यवस्था है। दिव्यांग संगम तक आसानी से पहुंचे इसलिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है।

### रेलवे स्टेशनों पर चौकसी, ट्रेनों में जांच

स्नान पर्व के मद्देनजर प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज संगम, प्रयाग, रामबाग, सूबेदारगंज, झूंसी समेत अन्य रेलवे स्टेशनों पर जांच अभियान चलाया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए संदिग्धों की निगरानी के साथ ही अहम ट्रेनों में जांच की जा रही है।

### रात 12 बजे से सिविल लाइंस साइड से नो एंट्री

**माघी पूर्णिमा स्नान के मौके पर 10 स्पेशल ट्रेनें, 1500 बसें चलेंगी**



**प्रयागराज।** माघ मेले के प्रमुख स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के मौके पर शुक्रवार रात 12 बजे से प्रयागराज जंक्शन के सिविल लाइंस साइड से यात्रियों का प्रवेश नहीं हो सकेगा। इस दौरान सिविल लाइंस साइड से सिर्फ यात्रियों की निकासी होगी। रेलवे ने 10 स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की है। यूपी रोडवेज 1500 बसों का संचालन करेगा। साथ ही प्रयागराज एक्सप्रेस, हमसफर और प्रयागराज-बीकानेर एक्सप्रेस का दोनों ओर से सूबेदारगंज स्टेशन पर स्टॉपेज होगा। माघी पूर्णिमा के मौके पर रेलवे ने प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी रेलवे स्टेशन पर सभी मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव का निर्णय लिया है।इस दौरान वंदे भारत छोड़ अन्य सभी ट्रेनों का यहां दोनों ओर से ठहराव होगा। प्रयागराज रामबाग से रेलवे द्वारा बनारस के लिए विशेष गाड़ी शनिवार की सुबह 09.25 बजे एवं दूसरी स्पेशल शाम 5.10 बजे चलाई जाएगी। वहीं प्रयाग जंक्शन से अयोध्या कैंट के लिए दो स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पहली स्पेशल दोपहर 2.50 बजे एवं दूसरी स्पेशल ट्रेन रात 9.45 बजे प्रयाग जंक्शन से रवाना होगी। इसी तरह प्रयागराज जंक्शन से छह मेला स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की गई है। इनका संचालन भीड़ के हिसाब से होगी। रोडवेज ने भी वसंत पंचमी पर 1500 बसों के संचालन की तैयारी की है। क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी के मुताबिक, 1500 बसें चलाने की तैयारी है। अयोध्या रूट पर सर्वाधिक बसों का संचालन होगा।

# पिपल फोकस्ड खिताब से नवाजे गए मेजा ऊर्जा निगम के सीईओ सुनील कुमार

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** बीते बृहस्पतिवार को दिल्ली में इकोनॉमिक टाइम्स द्वारा आयोजित किए गए दो-दिवसीय ईटी एचआर नेक्सटेक सम्मिट कार्यक्रम सम्मेलन में मेजा ऊर्जा निगम के सीईओ सुनील कुमार को पिपल फोकस्ड खिताब से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि सम्मेलन के दौरान इंफोसिस, आदित्य बिरला, टाटा स्टील, तथा कैपजेमिनी जैसी कई बड़ी कंपनियों के सीईओ एवं मानव संसाधन विभाग के प्रतिनिधिगण की मौजूदगी में मेजा ऊर्जा निगम से मानव-संसाधन विभागाध्यक्ष अखिल केपी पटनायक एवं जन-संपर्क अधिकारी श्रीमती प्रतिज्ञा यादव भी मौजूद रहीं।

**बीते बृहस्पतिवार को दिल्ली में आयोजित हुआ था दो दिवसीय ईटी एचआर नेक्स टेक सम्मिट समारोह**

**इंफोसिस आदित्य बिरला टाटा स्टील तथा कैप जेमिनी जैसी बड़ी कंपनियां हुई थी सरीख**



निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए एचआर टीम को बधाई दी और कहा यह हमारे निरंतर प्रयासों का ही नतीजा है कि हमें बार-बार इन प्लेटफार्मो के माध्यम से सम्मानित किया जा रहा है। यह खिताब हमारे सभी प्रयास कर्मचारियों एवं आसपास के समुदायों के उत्थान पर केंद्रित होने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आगे भी यही कोशिश रहेगी कि हम अपने साथ-साथ आसपास के लोगों का विकास करते रहें। गौरतलब है कि मेजा ऊर्जा निगम के पूर्व रामगुण्डम एवं तेलंगाना प्रोजेक्ट के बतौर हेड रह चुके सुनील कुमार वहां भी अपने कार्यकाल में आसपास के लोगों पर केंद्रित योजनाओं के लिए चर्चित रहे हैं। उन्होंने शिक्षा से लेकर रोजगार तक कई ऐसे क्षेत्रों में सामुदायिक विकास प्रयासों को साकार किया है जो वहां के लोगों के लिए यादगार बना हुआ है। सीईओ सुनील कुमार का हमेशा से ही गरीब युवाओं के उत्थान पर ही फोकस रहा है। उन्होंने पूर्व में दादरी, लारा, विंध्यांचल, रामगुण्डम एवं तेलंगाना में भी अपने इस दृष्टिकोण से काम किया है और लोगों के बेहतर भविष्य बनाने में अपना अहम योगदान दिया है।

# ट्रान्सपोर्ट नगर में गृहकर वसूली के दौरान दो भवन सील

**प्रयागराज।** नगर विकास विभाग उ0प्र0शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 सत्र के समाप्ति के सन्निकट गृहकर वसूली अभियान में तेजी दिखाते हुए नगर निगम प्रशासन की वसूली टीम द्वारा वर्षों से बकाये के रूप में गृहकर को रोकने वाले भवन स्वामियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को जोनल कार्यालय खुल्दाबाद व ट्रान्सपोर्टनगर में 17 भवन स्वामियों पर प्रस्तावित कुर्की के दौरान भवन स्वामियों से आंशिक तथा सम्पूर्ण धनराशि जमा कराई गयी तथा दो भवन संख्या 347ए/1/449 नीमसरांय भवन स्वामिनी श्रीमती नसीम फात्मा आदि पर गृहकर धनराशि रू0-01.99 लाख बकाया तथा भवन संख्या 699 ट्रान्सपोर्टनगर भवन स्वामी वेद प्रकाश कोहली पर गृहकर धनराशि रू0-66.00 हजार बकाया के दृष्टिगत सीलिंग की कार्यवाही गयी। सभी जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-14.18 लाख कैश/चेक के माध्यम से वसूलयावी की गयी। कार्यवाही का नेतृत्व करते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की वसूली टीम में कर अधीक्षक खुल्दाबाद राकेश कुमार तथा नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल रहे।



# साल भर से विधायकों के निधि से स्वीकृत सोलर लाइट लापता

अखंड भारत संदेश

**एमएलसी कौशांबी इलाहाबाद के लिखे सोलर लाइट्स नहीं लगे**

**कोरांव।** जनपद के एमएलसी विधायक निधि द्वारा लिखे और स्वीकृत किए गए सोलर लाइट अभी तक नहीं लग सके जो करीब एक साल से अधिक व्यतीत हो रहे हैं। बता दें कि उक्त जन प्रतिनिधियों ने साल भर पहले एमएलसी डा. के पी श्रीवास्तव आदि जन प्रतिनिधियों ने अपने अपने निधि से कई क्षेत्रों में स्थानों पर सोकर लाइट लगवाने की लिस्ट विकास भवन सीएमओ प्रयागराज के यहां प्रेषित की थी। जिसकी जांच स्थलीय सत्यापन भी उन्होंने दो दो बार कराई थी। किंतु सोलर लाइट आज तक नहीं लग सकी। जिससे लोगों में असंतोष व्याप्त है। एमएलसी साहब से कुछ लोगों ने तथा इस प्रतिनिधि ने जानकारी चाही थी तो उन्होंने कहा कि हमने सीडीओ प्रयागराज के यहां काफी समय से लिस्ट दे रखी हैं किंतु क्यों नहीं लग रहा है क्यों देर हो रही क्या बताऊं । जबकि सम्यांतर्गत सोलर लाइट लगवा देना चाहिए। कुछ लोगों का कथन है कि चुनाव आचार संहिता लग जायेगी तब लगेगा क्या। लोगों ने सीडीओ प्रयागराज से स्वीकृत स्थानों पर लाइट्स कार्यदाई एजेंसी से लगवाये जाने की मांग की है।

# हड़ताल पर रहे ग्रामीण बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**प्रयागराज रीजन की 87 शाखाओं के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए**

**प्रयागराज।** ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन ने शुक्रवार को हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया। हड़ताल का आह्वाहन राष्ट्रव्यापी था, ऐसे में सुबह ही ग्रामीण बैंक कर्मचारियों काम बंद कर प्रदर्शन किया। प्रयागराज में बड़ौदा यूपी बैंक एम्पलाइज यूनियन और बड़ौदा यूपी बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी विरोध में शामिल हुए। प्रयागराज रीजन की 87 शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों ने हड़ताल की वजह से काम नहीं किया। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई। लाखों का लेनदेन प्रभावित हुआ जबकि ग्रामीण बैंक पहुंचे ग्राहकों को लौटना पड़ा। हड़ताल करने वाले कर्मचारियों ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना हो, समुचित मानव शक्ति नियोजन, प्रोन्नति नीति में संशोधन कर रिक्तियों पर नई भर्ती की जाए। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमतीकरण किया जाए। सेवा नियमावली एवं सभी अवकाश नियमो में संशोधन किया जाए। आठ सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल चली।विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बड़ौदा यूपीबैंक एम्पलाइज यूनियन के महासचिव राम कृष्ण पांडे ने किया। जिला सचिव गौरव मिश्रा, रविकेश, सूर्यदीप, अजित केशरवानी, अंकित अवस्थी, हिमांशु श्रीवास्तव, प्रमोद चन्द्रा, विक्रम यादव ने अपनी बात रखी।



# आशनाई के चक्कर हुई मां ने कराई मासूम बेटे की हत्या

## बुआ के घर आया था निमंत्रण में, पुलिस ने किया खुलासा, आशिक ने मारकर नाले मे गाड़ दिया था शव

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** आशिकी का भूत कुछ यूं सर चढ़ा की प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही कलेज़े के टुकड़े की हत्या करवा दिया। कलयुगी मां ने आशिक के हाथो अपने बेटे को मरवा दिया जो बुआ के घर निमंत्रण आया था, बालक की हत्या कर शव को कोर्रही के नाले में दफना दिया गया था। जाँच के बाद जब पुलिस ने एक को संदेह के घेरे मे रखकर उठाया और कर्रा किया तो हत्या कांड की गुत्थी सुलझ कर सामने आ गयी। गिरफ्त मे लिए गये आरोपी अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस आज शव बरामद कर लिया।

इस घटना में बारे में बताया जाता है कि बाघराय थाना क्षेत्र के



पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्तगण।

लच्छीपुर बिहार गांव निवासी कमलेश विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने जलालपुर बाघराय श्रीराम विश्वकर्मा के यहां बीते 13 फरवरी को आए थे। 14 फरवरी को दिन में तीन बजे कमलेश विश्वकर्मा का सात वर्षीय बेटा अमित विश्वकर्मा गायब हो गया जिससे वहां हड़कंप मच गया। काफी खोजने के बाद कमलेश विश्वकर्मा ने थाना बाघराय में रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन इतनी खोजबीन के पाद अमित का पता नही चल सका तो कमलेश विश्वकर्मा ने ऐबी का पुरवा दहियांवा प्रयागराज निवासी अमरेश पुत्र राजबहादुर पर अपहरण की शंका जताई थी। पुलिस ने अमरेश को हिरासत में लेकर जब कर्रा किया तो अपना जुर्म कबूल कर लिया पुलिस ने अमरेश की निशानदेही पर कोर्रही नाले में जहां शव दफनाया था वहीं खुदाई कराकर मृतक अमित विश्वकर्मा 7 वर्ष पुत्र कमलेश विश्वकर्मा निवासी लच्छीपुर बिहार के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाघराय पुलिस ने उक्त महिला अंजू देवी, उसके आशिक अमरेश और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया जहां लिखा पढ़ी करके जेल भेजा जा रहा है। थानाध्यक्ष बाघराय निकेत भारद्वाज ने बताया कि अभियुक्त के निशानदेही पर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अभियुक्त अमरेश पुत्र राजबहादुर निवासी ऐबी का पुरवा दहियांवा थाना होलागढ़ प्रयागराज एक जब कडाई से पूंछताछ की गयी तो उसने बताया की महिला के साथ उसके नाजायज सम्बन्ध थे और मृत लड़के ने उन दोनों को आपत्तीजनक हालत मे देख लिया था इसीलिए उसको रास्ते से हटा दिया गया। थानाध्यक्ष का कहना है कि इस मासूम बालक की हत्या में चार अभियुक्त शामिल थे जिन्हे गिरफ्तार कर लिया गया है। इस तरह से बाघराय पुलिस ने 10 दिनों के अंदर ही घटना का खुलासा कर दिया, सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता ने भी थाने पहुंचकर अभियुक्त से पूंछताछ किया था। कुल मिलाकर एक मासूम बालक नाजायज रिश्तों की भेंट चढ़ गया और अब आरोपी अपनी करनी की सजा भोगेंगे।

# महिला कैदियों ने लायंस क्लब ने दिया सिलाई मशीन

## डिप्टी जेलर व अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कारागार में बंद महिला कैदियों के कौशल विकास हेतु लायंस क्लब प्रतापगढ़ द्वारा दो सिलाई मशीन स्टैंड सहित प्रदान किया गया है। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह प्रभारी अधीक्षक जिला कारागार ने कहा कि कारागार का ट्रेंड बदल गया है। अब इसका रूप सुधार गृह की तरह हो गया है जहां लोगों को हुनरमंद बनाया जाता है जिससे जब वह खुली दुनिया में जाय तो कोई रोजगार कर सकें और बुराई से दूर रहे।

कौशल विकास मिशन के तहत अब कारागार में अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहे हैं इस दिशा में लायंस क्लब का सहयोग सराहनीय है। कारागार के डिप्टी जेलर आफताब अंसारी ने कहा की हर हाथ का हुनरमंद होना आवश्यक है। इस अवसर पर एरिया जी एल टी कोआर्डिनेटर वांटेड डा. पियूषकांत



महिला कैदी को सिलाई मशीन देते क्लब के पदाधिकारी।

शर्मा ने कहा कि लायंस क्लब प्रथम विश्व युद्ध के के बाद से आज सेवा कार्य में रत हैं। जोन चेयर परसन लायन शिशिर खरे ने लायंस क्लब के विभिन्न उद्देश्यों व सेवा कार्य से परिचित कराया। लायंस क्लब की डिस्ट्रिक्ट एरिया चेयरपर्सन पुष्पांजलि शुक्ला ने महिलाओं के रोजगार परक शिक्षा के बारे में जानकारी दी। लायंस क्लब के डिस्ट्रिक चेयरपर्सन ग्रामीण विकास संतोष भगवन ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार का सेवा कार्यक्रम लायंस क्लब द्वारा जिला कारागार में किया जाता रहेगा। ज्ञातव्य है कि प्रतापगढ़ के चारों क्लब लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष, शक्ति, गौरव व अवध के द्वारा संयुक्त रूप से उक्त सेवा कार्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब प्रतापगढ़ अवध के अध्यक्ष लायन नीलेश मिश्रा, प्रशासक संतोष पांडे, उपाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी प्रवात व डा. उमाकांत ओझा, लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह, आरबी सिंह, डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव, सुभाष सोनी, लायंस क्लब शक्ति की अध्यक्ष अनीता पांडे डा. विवेक पांडे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण रंजन व डिप्टी जेलर शारदा देवी आदि की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

# परीक्षा केन्द्रों पर सख्ती के कारण इस बार नकलची हैं परेशान

## इंटर की नागरिक शास्त्र परीक्षा में 719 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में शुक्रवार को पहली पाली में इंटर नागरिक शास्त्र में 7065 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 719 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गये। 6346 परीक्षार्थियों ने इंटर की नागरिक शास्त्र की परीक्षा दी।

इसी प्रथम बेला में हाईस्कूल पाली अरबी विषय की परीक्षा में 179 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 31 अनुपस्थित हो गये। शुक्रवार की द्वितीय बेला में हाईस्कूल संगीत गायन में 267 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे जिनमें 17 अनुपस्थित हो गये। 250 ने हाईस्कूल संगीत गायन की परीक्षा दी। इसी द्वितीय बेला में इंटर कृषि भाग-1 व 2 तथा सामान्य आधारिक में 717 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 688 ने परीक्षा दी। 29 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रों पर सख्ती बरती जा रही है। पुलिस प्रशासन भी सख्त है। शिक्षक गेट पर ही तलाशी ले रहे हैं। स्कूल वालों ने भी आंतरिक सचल दल बनाया है जबकि बाहरी शिक्षा विभाग के अधिकारी भी दौरा कर रहे हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन भी एलर्ट है। राजकीय इंटर कालेज में लगे कन्ट्रोल रुम से हर परीक्षा केन्द्र की कक्षों की जानकारी ली जा रही है। इस सख्ती के कारण नकलचियों के हौंसले पस्त हैं।

# खुद की कार के नीचे दबकर मासूम की दर्दनाक मौत

## मासूम के पिता खुद कार ड्राइव करके आते जाते थे

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिस मां ने अपने गर्भ से 9 माह बाद शिशु को जन्म दिया हो और उसे पाल पोस कर चलने फिरने की ताकत दिया आज वही मासूम बच्चा अपने ही पिता की कार मे बैक करते समय पीछे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक घटना से लोगो को गहरा जख्म लगा जिसकी लोग कभी कल्पना नही कर सकते।

बताया जाता है कि विकास खण्ड कालाक़ांकर के प्राथमिक विद्यालय ब्रम्हौली में कार्यरत शिक्षक सुशील बहादुर सिंह जो लालगंज क़स्बा प्रतापगढ़ जनपद के निवासी है। इनकी पत्नी आँचल सिंह ब्लाक कालाकांकर के प्राथमिक विद्यालय चक पुरवा (हिनाहू) मे शिक्षक है जो आलापुर मे किराये के मकान मे रहकर दोनो पति पत्नी अपने बच्चे के साथ कार से स्कूल डियूटी करने आते है। गुरुवार की रोज की तरह सुबह सुशील अपनी पत्नी आंचल व बेटा कृष्णा को अपनी कार मे बैठाकर स्कूल छोड़ने के लिए प्राथमिक विद्यालय चक पुरवा पहुचे जंहा सुशील अपनी पत्नी आँचल व लगभग दो साल का बेटा कृष्णा को कार से उतार दिया और मां आंचल गेट की तरफ जाकर खड़ी हो गई और सुशील अपनी कार को ड्राइव करते हुए अपने स्कूल ब्राह्मौली के लिए निकलने के लिए सुशील अपनी कार को पीछे करने लगे कि इसी बीच मासूम कृष्णा पता नही कैसे कार के पीछे चला गया, जिसको किसी को पता नही चला और कार को बैक करते समय कृष्णा पहिया के नीचे दब गया। जिसके मुंह से जोर से चीख सुनाई पड़ी जिस पर गेट पर खड़ी मां आंचल व सुशील कार से उतर कर पीछे की तरफ दौड़ पड़ी तो देखा की कृष्णा बेहोशी हालत मे घायल अवस्था मे पड़ा है अपनी आँखो के सामने अपने बच्चे की हालत देख जोर से चीखने चिल्लाने लगे। शोर सुनकर आस पास के लोग स्कूल की तरफ दौड़ पड़े और कार के नीचे से कृष्णा को बाहर निकाला और आनन फानन मे उपचार के लिए ऊंचाहार प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गये जंहा चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते प्राथमिक शिक्षक अध्यक्ष कालाकांकर सुशील कुमार त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक व हिनाहुँ ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी व ब्राह्मौली ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिपाठी इस असहनीय घटना के प्रति गहरा दुःख व्यक्त किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। घटना से परिवार के लोगों में कोहराम मचा है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे सूबेदार कटरा बूबूपुर निवासी अटठाईस वर्षीय राजकुमार वर्मा पुत्र शंभू लाल गुरूवार की रात करीब नौ बजे भुड़हा गांव की तरफ से बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में नहर के पास स्थित मोड़ पर खड़ी अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग घायल को इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर ले आये। यहां हालत में सुधार न होने पर परिवार के लोग उसे पहले रायबरेली ले गये। यहां भी हालत गंभीर बनी होने से उसे इलाज के लिए लखनऊ ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही राजकुमार वर्मा की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के एक बेटी है। एसओ विवेक मिश्र का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी के अपहरण को लेकर एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रायबरेली जनपद के नसीराबाद कैथन का पुरवा निवासी आदित्य सरोज पुत्र मोहनलाल सरोज का मोबाइल के जरिए उसकी छोटी बहन से परिचय हुआ। आरोप है कि बारह फरवरी को आरोपी उसकी पन्द्रह वर्षीया बहन को बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मामले की जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी व आर्थिक सहायता की मांग को लेकर पीड़ित परिवार में पनपा आक्रोश

## आठ घंटे मानमनौवल के बाद अंतिम संस्कार को हुए राजी, लीलापुर थानान्तर्गत पेड़ से लटकता मिला था युवक का शव

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गायब किशोर का पेड़ से लटकता शव मिलने की घटना ने शुक्रवार को नया मोड़ ले लिया। पोस्टमार्टम के बाद किशोर का शव घर लाया गया था। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी, आर्थिक सहायता आदि की मांग को लेकर परिवार के लोगों में सुबह करीब आठ बजे गम के बीच आक्रोश पनप उठा। मांगे पूरी न होने तक लोग शव का अंतिम संस्कार न करने पर अड़ गये। अफसरों के करीब आठ घण्टे तक मानमनौवल किये जाने के बाद लोग किसी तरह माने और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गये।

लीलापुर थाना के सड़वा दुबान



मुल्तानीपुर में किशोर का शव रखकर आक्रोश जताते परिजनों को समझाते अफसर।

के ओझा की बाग में इक्कीस फरवरी की सुबह किशोर का पेड़ से शव लटकता मिलने से हडकंप मच गया था। मृतक सत्रह वर्षीय अंकित पुत्र राजकुमार प्रजापति लालगंज कोतवाली के अनेहरा रामपुर का निवासी था। वह लीलापुर थाना के मुल्तानीपुर बरगदहिया में अपने नाना रामकृपाल प्रजापति के यहां रहकर कक्षा बारह की पढ़ाई की कर रहा था। उन्नींस फरवरी को वह बिना बताये घर से निकला था और इक्कीस फरवरी को उसका शव पेड़ से लटकता मिला। पीएम के बाद इक्कीस फरवरी को ही शव घर लाया गया। बाइस फरवरी की रात मुम्बई में रह रहे मृतक के माता-पिता यहां पहुंचे तो फिर कोहराम मच गया।

मामले में मृतक के मामा बाबूलाल प्रजापति की तहरीर पर पुलिस ने गांव के लालबाबू प्रजापति व उसकी पुत्री संध्या तथा राजकमल पुत्र राज नारायण प्रजापति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अगले दिन शुक्रवार सुबह गम और गुस्से के बीच परिवार के लोग हत्यारोपियों की गिरफ्तारी, पचास लाख आर्थिक सहायता, जमीन की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंचे एएसपी संजय राय, एसडीएम लालधर सिंह यादव समेत अफसर मानमनौवल में जुटे रहे। करीब आठ घंटे बाद दोपहर करीब तीन बजे मांगों को पूरा कराये जाने का आश्वासन देने के बाद परिवार के लोग किसी तरह माने और शव को अंतिम संस्कार के लिये मानिकपुर गंगा घाट ले गये। इसके बाद मौके पर मौजूद लीलापुर व लालगंज पुलिस फोर्स के साथ मौजूद एएसपी, एसडीएम ने राहत की सांस ली। थानाध्यक्ष नीरज यादव का कहना है कि परिवार के लोग शव को अंतिम संस्कार के लिये ले गये हैं। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# देश के युवाओं में बढ़े तकनीकी ज्ञानः सदर विधायक

## सुरेश चंद्र मिश्र महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को बांटे गये स्मार्ट फोन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के रामलीला मैदान के समीप स्थित सुरेश चंद्र मिश्र महाविद्यालय में शुक्रवार को प्रातः 218 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए स्मार्टफोन वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच है कि हर युवा के पास तकनीकी संसाधन होगा तो उसके विकास को ऊंचाई मिलेगी।

श्री मौर्य ने कहा कि इस स्मार्टफोन से बच्चों को कठिन से कठिन प्रश्नों के समाधान गूगल के माध्यम से मिल जाएंगे। जिसका वह अपनी पढ़ाई में इस्तेमाल कर सकते हैं। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक राजेंद्र मौर्य का माल्यार्पण




स्मार्ट फोन वितरण में मौजूद सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

एवम अंगवस्त्रम से विद्यालय के प्रबंधक प्रमन मिश्रा ने स्वागत किया। विधायक प्रतिनिधि अरुण मौर्य का भी माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से किया गया।प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने संचालन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर वकील परिषद के पूर्व मंत्री आनंद कुमार पांडेय, सदर विधायक के प्रतिनिधि अरुण कुमार मौर्य, बीएड विभाग के संजय तिवारी, संतोष सिंह, आशीष तिवारी, अंजू शुक्ला, सुषमा पांडेय, सुभाष पांडेय सहित अनेकों लोग रहे।

# पट्टी के भाजपाई आज जाएंगे अयोध्याः मोती सिंह

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी की तैयारी



पत्रकारवार्ता में बोलते पूर्व मंत्री मोती सिंह।

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** 24 फरवरी को विधानसभा पट्टी से रामलला का दर्शन करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी अयोध्या जाएंगे। इसकी तैयारियां कर ली गई हैं। विधानसभा के प्रत्येक बूथ से पांच-पांच लोगों को दर्शन के लिए भेजा जाएगा।

यह जानकारी पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोती ने गुरुवार को जिला उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के निजी आवास पर मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए दी। नगर के बाईपास रोड निवासी अशोक श्रीवास्तव के आवास पर मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री मोती सिंह ने बताया कि अयोध्या में दर्शन के लिए दो कॉरिडोर बनाए गए हैं। इसी कॉरिडोर के माध्यम से दर्शन कराया जाएगा। इस दौरान पट्टी ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार सिंह और पप्पू सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष पट्टी अशोक जायसवाल, रामनगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि राम उजागिर सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष जुग्गीलाल जायसवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खेदनलाल जायसवाल, राम चरित्र वर्मा, डाक्टर के.एल विश्वकर्मा, अंशु सिंह, पंकज सिंह जिला पंचायत सदस्य संजय पाल, जिला पंचायत सदस्य गिरीश चंद्र जायसवाल, कोतवाल अर्जुन सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष रामआसरे शुक्ला, जवाहरलाल सिंह शिव प्रसाद सिंह, अधिवक्ता बीबीपुर प्रमोद सिंह, यासीन अहमद, योगेश पांडे, सुरेश जायसवाल, अधिवक्ता विपिन सिंह, अवधेश सिंह, प्रवीण सिंह उर्फ मुन्ना, राजा अर्जुन प्रताप सिंह, सजीवन सोनी, राजेश, संतोष, मुन्ना जायसवाल सभासद समेत तमाम आदि मौजूद रहे।

# विधान सभा मण्डल में 25 फरवरी से युवा चौपाल का होगा आयोजन

## भाजयुमो ने पदाधिकारियों ने की प्रेसवार्ता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रतापगढ़ शहर स्थित भगवती पैलेश अचलपुर पर आयोजित पत्रकारवार्ता के माध्यम से भारतीय जनता युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रम को लेकर जिला प्रवासी प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजयुमो गौरव वत्स, जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, जिला महामंत्री नीतीश श्रीवास्तव के साथ प्रेसवार्ता की गई।

गौरव वत्स ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 25 फरवरी से 4 मार्च तक युवा चैपाल का आयोजन विधान सभा मंडल ब्लॉक स्तर पर भाजयुमो कार्यकर्ता चैपाल के माध्यम से बूथ स्तर तक के युवाओं को भारतीय जनता युवा



प्रेसवार्ता में मौजूद भाजयुमो के पदाधिकारीगण।

मोर्चा के विचारों के साथ जोड़कर विकसित भारत की परिकल्पना को सार्थक बनाने में सहयोग करेंगे। युवा चैपाल के प्रत्येक कार्यक्रम में जिले के सम्मानित जनप्रतिनिधि सांसद विधायक ब्लॉक प्रमुख मुख्य अतिथि होंगे। जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने बताया कि प्रत्येक जिला पदाधिकारी 30 मंडलों के विस्तारक बनाए गए हैं, जो अपने अपने मंडल में प्रवास करके 30 मंडल संयोजक 20 लोगो को प्रत्येक मंडल में कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है जिनको सफल कार्यक्रम बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला महामंत्री नीतीश श्रीवास्तव मोहनगंज मंडल के विस्तारक बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 20 कार्यक्रमों के लिए बैठक कर स्थान व समय तय कर लिए गए हैं, जो अपने क्षेत्र में सफल हुए हैं। उद्यमी, अध्यापक, डॉक्टर, अधिवक्ता, किसान ऐसे लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

# मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है श्रीमद्भागवत कथाः आचार्य अखिलेश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सारीपुर गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथाव्यास आचार्य अखिलेश जी महराज ने कहा कि जीवन को सफल बनाने के लिए श्रीमदभागवत कथा का आयोजन या श्रवण करना अति आवश्यक होता है। श्रीमदभागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है। मनुष्य को श्रीमदभागवत कथा जीवन में सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। भागवत कथा सुनने से मनुष्य में धर्म की आस्था को मजबूती मिलती है। इसके साथ ही उसके मस्तिष्क में सदगुणों के द्वार खुल जाते हैं। कथा के दौरान बीच बीच में राधेकृष्ण संकीर्तन से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा दिखा। आयोजक समाजसेवी राजकुमार द्विवेदी ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा संयोजक शोभा द्विवेदी ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर अखिलेश द्विवेदी, राधेश्याम द्विवेदी, गंगाधर द्विवेदी, तीर्थराज द्विवेदी, पप्पू तिवारी, अनिल त्रिपाठी, रमेशचंद्र चैबे, अतुल द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## गाली-गलौज, मारपीट व धमकी पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गालीगलौज व मारपीट व धमकी की घटना को लेकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सरदार का पुरवा मजरे भदारी कला गांव निवासी सूबेदार पाल पुत्र शिवमूरत पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीस फरवरी को सुबह करीब नौ बजे रंजिश में गांव के सोनू व मोनू पुत्रगण सहदेव पाल तथा संदीप व सुनील पुत्रगण जगदेव ने गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा। पीडित के शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि घटना की जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### डॉ एन के गुप्ता यूरो लाजिस्ट सभी गंभीर बीमारियों को प्रत्येक शनिवार एवम रविवार करेंगे दूर

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत कस्बा कस्बा भरवारी में बृजेश मेमोरियल अस्पताल के मुखिया डॉ मयंक केसरवानी जो की हड्डी रोग विषेशज्ञ हैं उनके प्रयास से गरीबों के गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगो के कष्ट को दूर करने के लिए भारत वर्ष के बहुत ही सरल अनुभवी कर्मठ एवम व्यक्तित्व के धनी डॉ एन के गुप्ता यू रो लाजिस्ट एम बी बी एस को भरवारी के बृजेश मेमोरियल अस्पताल में प्रत्येक शनिवार एवम रविवार को समय सुबह ग्यारह बजे से शाम सात बजे तक अस्पताल मे मरीजों को देखने के लिए उपलब्ध रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी अस्पताल के प्रबंधक अर्चित केसरवानी ने दी है।

# ट्रक से टकराई स्विफ्ट डिजायर कार एक की मौत कई लहूलुहान



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के इमामगंज चौराहे पर माल लदा हुआट्रक से स्विफ्ट डिजायर कार की सामने से जोरदार भिड़ंत हो गयी इस हादसे में छ माह व ग्यारह साल का बच्चा व दो महिलाएं घायल है स्विफ्ट डिजायर ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई है संदीपन घाट की पुलिस कुछ देर बाद मौके पर पहुंची। डायल 108 एम्बुलेंस को राहगीर ने फोन किया तो एक घंटे बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुंची । घायलों को डायल 108 एम्बुलेंस ने नजदीक हास्पिटल पहुंचाया गया है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कंटेनर ने बच्चे को रौंदा, मौत आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

## भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम ने भीड़ को समझा बुझाकर समाप्त कराया जाम


अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के देवीगज बाजार में फल का ठेला लगा कर4 बेटियों और 2 बेटों का जीविकोपार्जन करने वाले एक ब्यक्ति के बच्चे को सीमेंट लेकर जा रहा तेज रफ्तार कंटेनर ने रौंद दिया है जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई है बच्चे की मौत से चौराहे के लोगों में आक्रोश फैल गया और भारी भीड़ ने सड़क जाम कर दिया है भीड़ का दबाव पड़ने के बाद वाहन छोड़कर चालक फरार हो गया है पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है जाम लगाए जाने की सूचना मिलने के बाद मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ उप जिला अधिकारी पहुंचे हैं और ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम समाप्त कराया है पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



भेज दिया है बालक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के देवीगज बाजार में शम्भू सोनकर फल का ठेला लगाते है शुक्रवार को उनका बेटा दीपांशु सोनकर उम्र 12 वर्ष शंभू सोनकर दुकान जा रहा था सीमेंट लेकर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर में बच्चे को रौंद दिया जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर तड़पने लगा हादसा देखकर मौके पर भीड़ लग गई गंभीर हालत में घायल बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई हादसे में बच्चे की मौत के बाद लोग आक्रोशित हो गए और लोगों सड़क पर जाम लगा दिया भीड़ का बढ़ता दबाव देखकर कंटेनर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है दुर्घटना और उसके बाद सड़क जाम की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी फोर्स के साथ थाना पुलिस सहित उप जिला अधिकारी पहुंचे हैं उप जिला अधिकारी ने आक्रोशित लोगों को समझा बूझकर जाम समाप्त कराया है बच्चे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश



## आकस्मिक निरीक्षण

**कम्पोजिट विद्यालय, ऑगनबाड़ी केन्द्र, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय, गो-आश्रय स्थल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण**

**जिलाधिकारी ने मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन बच्चों को प्रदान करने के दिये निर्देश**

**गौ-आश्रय स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के दिये निर्देश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय हाजीपुर पतौना, ऑगनबाड़ी केन्द्र हाजीपुर पतौना, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलरहा पश्चिम, प्राथमिक विद्यालय सौंरई खुर्द, गौ-आश्रय स्थल नगियामई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय हाजीपुर पतौना के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तथा प्रधानाध्यापिका से छात्रों की संख्या आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों की उपस्थिति और बढ़ाई जाय। उन्होंने कक्षा-1 के छात्रों से दीवाल पर लगे चार्ट में उल्लिखित शब्दों को बच्चों से पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा एवं अध्यापकों को निर्देशित किया कि बच्चां को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाय। उन्होंने रसोंई घर के निरीक्षण के दौरान बन रहें भोजन की जानकारी प्राप्त करते हुए मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन बच्चों को प्रदान करने के निर्देश दियें। उन्होंने ऑगनबाड़ी केन्द्र हाजीपुर पतौना के निरीक्षण के दौरान बच्चां की संख्या आदि जानकारी प्राप्त करते हुए सहायिका को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान ऑगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित पायी गईं। जिलाधिकारी ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलरहा पश्चिम में उपस्थिति पंजिका के अवलोकन करने पर पाया कि एएनएम द्वारा दिनांक 24 फरवरी 2024 की तिथि में भी हस्ताक्षर कर दिया गया था, जिस पर एएनएम ने बताया गलती से हस्ताक्षर हो गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी गलती दोबारा न किया जाय, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्हांने दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने उपस्थित मरीजों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करते हुए पूँछा कि अस्पताल से स्वास्थ्य सुविधायें मिल जाती है, किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं आती, जिस पर मरीजों ने बताया कि बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलती हैं। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय सौंरई खुर्द के निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक ने बताया कि कुल 295 बच्चां का नामांकन है, आज 190 बच्चें उपस्थित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने अभिभावको को जागरूक कर बच्चों की उपस्थिति और बढ़ाने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दियें। उन्हांने मीनू के अनुसार आज बनाये गये तहरी का अवलोकन करते हुए भोजन की गुणवत्ता में और सुधार लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा गो-आश्रय स्थल नगियामई के निरीक्षण के दौरान सचिव, ग्राम पंचायत ने बताया कि गौशाला में 75 गोवंश संरक्षित हैं, सभी की ईयर टैंगिग हो गई है तथा गौशाला के गोबर से खाद बनाकर गौशाला के लिए चिन्हित चारागाह में डाला जाता हैं एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाये जाने के लिए भी कार्यवाही की जा रहीं हैं। उन्हांने भूसा स्टोर रूम के निरीक्षण के दौरान कहा कि हमेशा पर्याप्त भूसा-चारा की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाय। इसके साथ ही उन्होंने नियमित रूप से गोवंशो की चिकित्सीय जॉच कराने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू के निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 औचित्य सिंह से चिकित्सकों एवं दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि अस्पताल में दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, एण्टी रैबीज भी उपलब्ध हैं। एक्सरे मशीन क्रियाशील है। आज 13 मरीजों के एक्सरे भी किये गये हैं। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया, डॉ. पूजा ठाकुर, डॉ. रोहित कुमार एवं बेलाल अहमद अनुपस्थित पाये गयें। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत अनुबन्धित निजी अल्ट्रा साउण्ड सेन्टरों में गर्भवती महिलाओ का निःशुल्क अल्ट्रा साउण्ड किया जाता हैं।

## घर बैठे बीएलओ बना रहे हैं लोकसभा चुनाव मतदाता सूची

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज करने और जो लोग गांव छोड़कर चले गए हैं उनका नाम काटने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची का सर्वे कर मतदाता सूची कंप्लीट करने का निर्देश दिया गया है लेकिन घर बैठे मतदाता सूची बनाई जा रही है सर्वे नहीं हो रहे हैं इसके लिए तहसील के जरिए बूथ लेवल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है लेकिन बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के घरों में जाकर सर्वे करके नई सूची बनाने के बजाय पुरानी सूची में ही घर बैठे हेरा फेरी करके मतदाता सूची बनाने में लगे हैं ग्राम प्रधान और स्थानीय दबंगों के दबाव में मतदाता सूची में हेरा फेरी की जा रही है जो प्रधान और दबंगो के विरोधी लोग हैं उनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जा रहे हैं जिससे तमाम मतदाताओं के नाम इस लोकसभा चुनाव में भी मतदाता सूची से छूट जाएंगे और तमाम गलत लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हो जाएंगे जिससे मतदान के दिन पोलिंग अधिकारियों को दिक्कतों से जूझना पड़ेगा। सिराथू तहसील क्षेत्र के मलाक रेजमा गांव के लोगों ने बताया कि नई मतदाता सूची का सर्वे नहीं किया गया है दबंग के दबाव में सूची फाइनल की जा रही है।

# अझुवा में लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

## घर घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां बताने की तैयारी

**अझुवा कौशांबी।** मिशन 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा रखे गए लोकसभा चुनाव के लक्ष्य 400 सीटों पर विजय पताका फहराने को कमर कस ली है उसी परिप्रेक्ष्य में आज शुक्रवार नगर पंचायत अझुवा के लिटिल ब्लॉसम स्कूल में लाभार्थी संपर्क अभियान के मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष कौशांबी जनपद के प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता रहे ।मुख्य अतिथि अवधेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों की महत्वपूर्ण चर्चा करना और लाभार्थियों के समृद्धि इंफ्रास्ट्रक्चर का अभूत पूर्व विकास और अंत्योदय के मूल मंत्र पर विचार विमर्श करना है इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र के लाभार्थियों ने अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं को साझा किया है







मौके पर सरकार द्वारा उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई है वक्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के महत्वपूर्ण चर्चा की है मुख्य अतिथि ने बताया कि जनता के मध्य और सरकार की योजनाओं को सीधे जोड़ने का माध्यम प्रदान किया जा रहा है इससे लाभार्थियों की आवाज को सुनने और उनके समस्याओं का समाधान करने के लिए कदम उठाए जाएंगे इसके अतिरिक्त कार्यशाला में प्रधानमंत्री द्वारा विकसित किए गए योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है जैसे की जनधन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना ,हर घर जल योजना और अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं माध्यम से सरकार ने गरीबी ,बेरोजगारी और असहाय वर्गों की स्थिति में सुधार करने के लिए कई पहल किया है इस दौरान नगर पंचायत अझुवा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा ,हीरालाल सरोज, प्रशांत केसरवानी, शिव प्रताप मौर्य जगदीश केशरवानी, योगेंद्र सिंह (किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष )रविंद्र प्रताप सिंह फूलचंद केसरवानी, रामबाबू मोदनवाल ,रामदास साहू, ननका गुप्ता अच्छुभाई ,देवेश चौधरी सुरेश द्विवेदी, उमेश विश्वकर्मा अंतिम अग्रहरि ,पवन सिंह लोधी एवं करन सिंह मौजूद रहे।

# पुलिस के सहयोग से दूसरे की जमीन करेंगे कब्जा नहीं मिलेगा तो कर लेंगे आत्मदाह

## डीएम एसडीएम से अपने को बड़ा समझने वाले चौकी इंचार्ज के कारनामे से मनमानी करने वाले परिवार का बढ़ा हौसला

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के अरका महाबीर पुर चौकी पुलिस इंचार्ज के भी करनामें भी निराले हैं वह अपने को जिला अधिकारी और उप जिलाधिकारी से बड़ा समझते है जिससे इलाके में कानून व्यवस्था चौपट होती दिखाइ दे रही है क्षेत्र में संगठित अपराधों से वसूली में चौकी पुलिस लिप्त है ताजा मामला चौकी क्षेत्र के मीरापुर गांव का है जहां विकलांग दंपत्ति चंद्रभान की जमीन पर उप जिला अधिकारी ने पत्थर गढ़ी कराकर उसे काबिज किया है विकलांग दंपत्ति चंद्रभान की जमीन पर जिला अधिकारी ने नक्शा दुरुस्तीकरण कर विकलांग दंपत्ति को काबिज किया है लेकिन जिला अधिकारी का यह आदेश और उप जिला अधिकारी का आदेश दबंग चौकी इंचार्ज के सामने कोई मायने नहीं रखता है चौकी इंचार्ज के बजाय वह अपने को तुर्रमखां समझने लगे हैं। चौकी इंचार्ज का कहना है कि उसके हाथ में लाठी का दम है पुलिस फोर्स का बल है और वह सबको अपनी बात मनवाने के लिए मजबूर कर देगे चौकी इंचार्ज के कारनामे से इलाके की कानून व्यवस्था चौपट हो रही है बात मनवाने के लिए चौकी इंचार्ज निर्दोष लोगों पर शांति भंग के खतरे का आरोप लगाकर उनका चालान कर रहे हैं अपनी जमीन बचाने के लिए संघर्ष करना कहां की शांति भंग है लेकिन दूसरे की जमीन पर जबरिया कब्जा करने की जिद पर लगी श्रीदेवी सावित्री देवी सम्मी देवी और उनके अन्य रिश्तेदार सहयोगी जबरिया विकलांग दंपत्ति चंद्रभान की जमीन पर कानून नियम के विपरीत कब्जा करने की जिद पर लगी है श्रीदेवी और उनके लोगों का कहना है कि यदि चंद्रभान की जमीन पर पुलिस ने कब्जा नहीं कराया तो वह पेट्रोल डालकर आत्महत्या कर लेंगे लेकिन चौकी इंचार्ज श्रीदेवी के समर्थन में इस तरह से उतर आए हैं कि वह श्रीदेवी की बातों का समर्थन कर रहे हैं उसकी धमकी से भय खा चुके हैं और विकलांग दंपत्ति की जमीन पर कब्जा कराने की जिद पड़ अड़े है जिससे पुलिस की वर्दी शर्मसार हो रही है। इतना ही नहीं जिस जमीन पर जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी आदेश देकर लोगों को काबिज कर रहे हैं उस जमीन पर बेदखल करने का चौकी इंचार्ज ने किसी दबाव के चलते ठेका ले रखा है और जमीन पर कब्जा करने की नियत रखने वाले लोगों को चौकी इंचार्ज बल देकर के उन्हें उपद्रव करने की खुली छूट दे रहे हैं जिससे उपद्रव करने वाले लोग पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की धमकी दे रहे हैं इस मामले की शिकायत भी धमकी देने वाले लोगों ने अधिकारियों से किया जिसकी जांच भी हुई है लेकिन धमकी देने वाले लोगों पर आईपीसी धारा 309 के तहत मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है आखिर कानून का पालन करने में चौकी इंचार्ज इतनी लचर व्यवस्था क्यों अपनाए हुए हैं अभी तक आईपीसी की धारा 309 का मुकदमा दर्ज कर आत्महत्या की धमकी देने वाली श्रीदेवी और उनके रिश्तेदारों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया है यह चौकी इंचार्ज के कारनामों पर सवाल खड़े हो रहे हैं चौकी इंचार्ज को शायद ट्रेनिंग के समय आईपीसी की धारा 309 का पाठ नहीं पढ़ाया गया जिससे आत्महत्या की धमकी देने वाले लोगों को अभी तक चौकी इंचार्ज ने गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा है सवाल उठता है कि जिस चौकी इंचार्ज को आईपीसी की धारा 309 का ज्ञान ना हो उस चौकी इंचार्ज को पहले निलंबित करके आईपीसी की धारा 309 की ट्रेनिंग कराई जानी चाहिए उन्हें आईपीसी की धारा का ज्ञान दिया जाना चाहिए तब उन्हें चौकी इंचार्ज का चार्ज दिया जाना चाहिए लेकिन जिस उप निरीक्षक को आईपीसी की धारा 309 का ज्ञान नहीं है उसे पुलिस अधीक्षक ने अरका महाबीरपुर का चौकी इंचार्ज बना दिया है जिससे चौकी इंचार्ज मनमानी कर रहे हैं कानून व्यवस्था की धज्जियां खुद उड़ा रहे हैं चौकी इंचार्ज के कारनामे से इलाके में शांति व्यवस्था चौपट हो रही है यदि चौकी इंचार्ज के मनमानी पर रोक नहीं लगाई गई तो कभी भी बड़ी घटनाएं हो सकती है।

## न्यूज झरोखा

### प्रभारी मंत्री का जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज

**कौशाम्बी ।**जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री कारागार,उ0प्र0 श्री सुरेश राही दिनांक 24 फरवरी 2024 को मध्यान्ह 12 बजे कांशीराम गेस्ट हाउस, मंझनपुर, कौशाम्बी पहुॅचेंगे। तत्पश्चात मा0 प्रभारी मंत्री जी अपरान्ह 01 बजे दंगल मैदान, पूरब-पश्चिम शरीरा पहुॅचकर पासी, पासवान स्वाभिमान सम्मेलन एवं महाशय मसूरिया दीन पासी के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

### हमले की सीओ से शिकायत के 3 दिन बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र चलौली गांव में दलित राधेश्याम पुत्र ननकु लाल को 20 फरवरी को मामूली बात पर दबंगों ने बेरहमी से पीटा था किसान अपने खेत में पानी लगाया था और गलती से पानी का मेड कट गया और पानी पिंटू पुत्र ललई उर्फ जबरसिंह के खेत में चला गया। राधेश्याम उसके खेत में लगी सरसो की भरपाई के लिए 5 हजार रूपए देने के लिए तैयार था। लेकिन पिंटू उर्फ जबरसिंह ने अपमानित करते हुए जाति सूचक शब्दो का प्रयोग कर गाली गलौज देते हुए पटक पटक कर बेरहमी से उसे पीट दिया था जिससे दलित को चोट आई थी पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी चायल से शिकायत की लेकिन दलित के साथ मारपीट के इस मामले में सीओ से शिकायत के तीन दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है जिससे जहां आरोपियों के हौसले बुलंद है वहीं थाना पुलिस की मंशा का अंदाजा लगाया जा सकता है

### वाहन चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाए जा रहे यातायात से संबंधित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध साधन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दोपहिया /चार पहिया वाहनों को चेक किया गया यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले 59 वाहनों का ई चालान किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 07 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट एवं शांति भंग करने के आरोप में (थाना करारी से 02 थाना चरवा से 01 थाना कोखराज से 02 थाना कडाधाम से 01 थाना मोहम्मदपुर पैसा से 01)कुल 07 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया

### थाना महेवाघाट पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया

**कौशांबी।** थाना महेवाघाट पुलिस उप निरीक्षक उदय सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 116/18 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त लक्ष्मण केवट पुत्र सियाराम केवट निवासी कुम्हियावा थाना महेवा घाट जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस प्र0नि0 दिनेश सिंह परिहार मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0131/23 धारा 364/1220बी/210/34 भादवी से संबंधित वांछित अभियुक्त आजाद पासी पुत्र स्वर्गीय रन्नू पासी निवासी जलालपुर घोसी थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को मुरादपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### पश्चिम शरीरा पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**कौशांबी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उप निरीक्षक जनार्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 224/12 धारा 135 विद्युत अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त रामनाथ पुत्र झल्लर प्रसाद निवासी ग्राम कोरीपुर थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

### छेड़खानी के अभियुक्त को चार वर्ष की कठोर कारावास की सजा

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 67 सन 2014 के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने छेड़खानी के अभियुक्त श्री बाबू भारतीय पुत्र जगन्नाथ निवासी भैरावा थाना सैनी को छेड़खानी का दोषी पाया और छेड़खानी के अभियुक्त श्री बाबू भारतीय को अदालत ने 4 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है साथ ही साथ अभियुक्त पर अदालत ने 10 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया हैद्ध

### पास्को एक्ट के अभियुक्त को 5 वर्ष की कठोर कारावास की सजा

कौशांबी कोखराज थाना में मुकदमा अपराध संख्या 556 सन 2018 के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त सोनू उर्फ सचिन यादव पुत्र तीरथ यादव निवासी देवरा थाना कोकराज को अपराध का दोषी पाया और दोष सिद्ध होने के बाद अदालत ने दोषी को 5 वर्ष की कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है और दोषी पर 5 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया है।

# पं. दीन दयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्रों ने खराब खाने को लेकर किया ताला बंद प्रदर्शन

**कौशाम्बी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय शेषा करारी के छात्रों ने शुक्रवार सुबह से हंगामा शुरू कर दिया है। करीब 350 छात्रों ने कॉलेज का मुख्य गेट को बंद कर टीचरों को बाहर निकाल दिया और प्रदर्शन किया आरोप है कि कॉलेज में शिक्षा, सफाई एवं खान-पान की व्यवस्था बेहद खराब हो चुकी है। जिसकी शिकायत करने पर कॉलेज के प्रिंसिपल व टीचर शिकायत करने वाले बच्चों को जेल भेजने की धमकी देते हैं। कॉलेज में हंगामा की सूचना पर थाना पुलिस एवं एसडीएम मौके पर पहुंचे हैं।मंझनपुर तहसील के करारी कस्बे से 5 किलोमीटर दूर शेषा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय स्थित है। विद्यालय में 360 बच्चे कक्षा 6 से लेकर 12 तक की शिक्षा ग्रहण करते हैं। विद्यालय पूरी तरीके से आवासीय है यहां पर गरीब असहाय एवं मेधावी छात्रों को सरकार बेहतर शिक्षा व्यवस्था मुहैया कराती है।




विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए अध्यापक प्रिंसिपल समेत मेस की व्यवस्था की गई है जिसका सुपरविजन समाज कल्याण विभाग के अफसर को दिया गया है। शुक्रवार की सुबह 9:30 बजे तक विद्यालय में अध्यापक नही पहुंचे। इस बात से नाराज होकर छात्र कॉलेज में अपनी कक्षाओं से बाहर निकल आए मुख्य गेट पर ताला लगाकर टीचरों एवं कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया नारेबाजी कर कॉलेज की व्यवस्था सुधार करने की मांग उठाई गई। 6 के छात्र सुमित कुमार का आरोप है कि कॉलेज कैंपस में सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ नहीं है जिसके चलते बच्चे काफी बीमार हो रहे हैं जब तक छात्र गंभीर नहीं हो जाता कॉलेज में डॉक्टर नहीं बुलाया जाता कक्षा 7 के छात्र राज ने बताया, कॉलेज में अध्यापक समय से अपनी क्लास नहीं लेते हैं ज्यादातर समय उनकी कक्षाएं खाली रहती हैं जिससे पढ़ाई में बेहद दिक्कत का सामना करना पड़ता है इसके अलावा कॉलेज के मेस में खाना भी उन्हें साफ सुथरा व मेनू के हिसाब से नहीं दिया जाता। सामूहिक रूप से प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि कॉलेज की व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले बच्चों को प्रिंसिपल व टीचर के द्वारा जेल भेजने की धमकी दी जाती है जिसके चलते उन्हें भय पूर्ण माहौल में शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है छात्रों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही थाना करारी पुलिस मौके पर पहुंची है। बच्चों के समझाने की कोशिश नाकाम होने पर बच्चो से बात करने एसडीएम मंझनपुर कालेज पहुंच गए है। बच्चो की समस्या के तत्काल निस्तारण के लिए एसडीएम ने समाज कल्याण अधिकारी को मौके पर तलब कर निस्तारण की बात कही है।

## धरना प्रदर्शन के पीछे मास्टर माइंड कौन!

**कौशांबी।** करारी क्षेत्र के शेषा स्थित आश्रम पद्धति के विद्यालय के छात्रों का धरना प्रदर्शन का यह पहला मामला नहीं है बीते 20 सालों से प्रत्येक वर्ष छात्रों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाता है यहां तक की जिला अधिकारी कार्यालय में भी विद्यालय के छात्र धरना प्रदर्शन कर चुके हैं चर्चाओं पर जाएं तो करारी के एक चर्चित नेता विद्यालय प्रशासन को ब्लैकमेल कर धन दोहन करते हैं जब उनका यह मकसद नहीं सफल होता तो वह विद्यालय के छात्रों को बरगला कर प्रशासन के खिलाफ खड़ा कर देते हैं पर्दे के पीछे से घिनौनी राजनीति करने वाले इस नेता को चिन्हित कर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है तभी सरकार और प्रशासन की छीछालेदर होने से बचेगी।

# भारत को मुक्ति पहले किससे मिले ? कांग्रेस या भाजपा से ?





**श्रवण गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

भाजपा ने अंतिम क्षणों में अपने आप को बचा लिया! कांग्रेस खुद को नहीं बचा पाई! कमलनाथ अपनी पुरानी पार्टी में ही बने रहेंगे! हो सकता है लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक प्रधानमंत्री के साथ उनकी मुलाकात के नए चित्र मीडिया में नजर नहीं आएँ। कमलनाथ को किन कारणों से कांग्रेस में ही रुकना पड़ा उसका खुलासा आसानी से नहीं हो पाएगा। प्रधानमंत्री और भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों ने सोचा नहीं होगा कि कमलनाथ प्रसंग से पार्टी की छवि को अंदर और बाहर दोनों ओर से इतना बड़ा धक्का लगेगा! इतनी थू-थू के लिए मध्य प्रदेश के पन्ना-प्रमुखों के स्तर तक पूर्व-तैयारी नहीं थी।

भाजपा ने समझा होगा जैसे महाराष्ट्र के आदर्श पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को तुरत-फुरत भर्ती करवा कर उनका नाम राज्यसभा के लिए तय कर दिया गया वैसे ही ऑपरेशन कमलनाथ भी शांतिपूर्वक संपन्न हो जाएगा। वैसा नहीं हुआ। राजस्थान के पायलट प्रोजेक्ट की विफलता के बाद राजनीति में शुचिता का उपदेश देने वाली पार्टी के लिए इसे दूसरा बड़ा सदमा माना जा सकता है।

कल्पना की जा सकती है कि भाजपा के लिए छिन्दवाड़ा सहित जरूरी एमपी की सभी 29 सीटों पर केंद्रित इस ऑपरेशन के फ्लॉप होने से सबसे ज्यादा प्रसन्नता महाराज को ही हुई होगी। भाजपा ने उन्हीं के नेतृत्व में कमलनाथ (सरकार) को आंदोलनों के लिए सड़कों पर ला पटका था। अगर कमलनाथ भी भाजपा में भर्ती हो जाते तो ग्वालियर और छिन्दवाड़ा को साथ मिलकर कांग्रेस की हिंदुत्व-विरोधी ताकतों का मुकाबला करना पड़ता। विधानसभा चुनाव परिणामों के तुरंत बाद कमलनाथ ने शिवराज सिंह से भेंट कर उन्हें बधाई दी थी। चुनाव परिणामों के बारे में दोनों ही नेताओं को शायद पहले से पता था।

इसमें दो मत नहीं कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के निमित्त पीएम के लिए जरूरी हो गया है कि लोकसभा चुनावों में पार्टी 370 के आँकड़े को प्राप्त करके देश को दिखा दें। एमपी में पिछली बार सिर्फ. छिन्दवाड़ा की सीट रह गई थी। कमलनाथ के भाजपा-प्रवेश के बाद वह सीट भी निश्चित हो जाती। कमलनाथ को अब वह सीट कांग्रेस के खाते में जीतना पड़ेगी।

विधानसभा चुनावों में पार्टी को जबर्दस्त तरीके से जीत दिलाने के तुरंत बाद उत्साह से लबरेज शिवराज सिंह छिन्दवाड़ा पहुँच गए थे। वहाँ उन्होंने घोषणा कर दी थी कि :आज से हम मध्यप्रदेश का मिशन 29 शुरू कर रहे हैं। इसका मतलब मध्य प्रदेश में लोकसभा की सभी 29 सीटों से है। पिछली बार छिन्दवाड़ा की सीट रह गई थी। शिवराज सिंह को 6 दिसंबर के बाद से आज तक छिन्दवाड़ा में दोबारा पैर रखने की जरूरत नहीं पड़ी। वहाँ की सीट मोदी की जादू की छड़ी से ही भाजपा की झोली में टपकने को बेचैन हो उठी।

कमलनाथ प्रसंग पर बोलते हुए दिग्विजय सिंह ने बाद में खुलासा किया कि जाँच एजेंसियों का जिस तरह का दबाव अन्य नेताओं पर है वैसा ही कमलनाथ पर भी है। समूचा कमलनाथ प्रसंग इसी अहंकार की उपज था कि सांप्रदायिक विभाजन और चुनाव जीतने के कामों में सब कुछ जायज है। दूसरे यह कि चुनाव जीतने के काम में पार्टी कार्यकताओं के समर्पण के मुकाबले जाँच एजेंसियों का इस्तेमाल ज्यादा प्रभावकारी साबित होता है।

कमलनाथ की तरह ही अपने को कांग्रेस का वफादार सिपाही बताने वाले अशोक चव्हाण के पलटी मारने के पीछे मुख्य कारण संसद के बजट सत्र के आखिरी दिन मोदी सरकार द्वारा मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार पर पेश किया गया श्वेत पत्र बताया गया था। श्वेत पत्र में मुंबई की आदर्श बिल्डिंग सोसाइटी के उस घोटाले का भी उल्लेख था जिसके कारण अशोक चव्हाण को 2010 में मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

आदर्श सोसाइटी घोटाले की सीबीआई जाँच के बाद आरोप लगाया गया था कि सेना के सेवा-निवृत्त लोगों के लिए निर्मित बिल्डिंग में अपने संबंधियों को आवंटन के लिए चव्हाण ने अतिरिक्त फ़्लैट्स के निर्माण की अनुमति दी थी। चव्हाण द्वारा कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश करने के तत्काल बाद देवेंद्र फडनवीस ने कहा था कि ऐसे कई नेता जिनका कांग्रेस में दम घुट रहा है भाजपा के संपर्क में हैं। माना जा सकता है कि फडनवीस का इशारा कमलनाथ की तरफ रहा होगा।

अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ते ही भाजपा में पुरस्कृत होने की सत्तारूढ़ दल के निष्ठावान कार्यकताओं पर क्या प्रतिक्रिया हुई उसका भी फडनवीस को तत्काल पता चल गया। महाराष्ट्र भाजपा के 69-वर्षीय उपाध्यक्ष माधव भंडारी के पुत्र चिन्मय द्वारा सोशल मीडिया पर जारी की गई एक पोस्ट चर्चा का विषय बन गई। चव्हाण को राज्यसभा में भेजे जाने से व्यथित चिन्मय ने अपनी मार्मिक पोस्ट में अपने पिता का शुमार उन लोगों में किया जिन्हें पार्टी की दशकों से की जा रही निस्वार्थ सेवा के बावजूद कभी अपेक्षित सम्मान प्राप्त नहीं हुआ।

भ्रष्टाचारियों का कांग्रेस में दम घुट रहा है और ईमानदार भाजपा ने उनके लिए अपने दरवाजे खोल रखे हैं। जिन निष्ठावान कार्यकताओं ने भाजपा को 2 से 303 बनाने में अपनी साँसें झोंक दीं और पिछले दस सालों से जिनके पार्टी में प्राण निकले जा रहे हैं उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है। उनकी नई ज़िम्मेदारी यही बची है कि प्रधानमंत्री कि तीसरी, चौथी और पाँचवी पारी पूरी होने तक वे विपक्षी दलों से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का भगवा दुपट्टों से स्वागत करते रहें।

निष्ठावान कार्यकताओं को इस चिंता से भी मुक्त हो जाना चाहिए कि तपे-तपाए कार्यकताओं और अन्य दलों से सत्ता तापने आने वाले अवसरवादी नेताओं के बीच वैचारिक संसर्ग से जो वर्णसंकर नस्लें जन्म लेंगी वे संघ और भाजपा को हिंदू राष्ट्रवाद के किन शिखरों पर पहुँचाएँगी ! सवाल यह भी है कि सत्ता की महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए ली जा रही राजनीतिक नैतिकता की बलि के क्षणों में देश को पहले मुक्ति किससे मिलना चाहिए ? कांग्रेस से या भाजपा से ? क्या सवाल का जवाब लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, वसुंधरा राजे या शिवराज सिंह चौहान से प्राप्त किया जा सकता है ? आप चाहें तो और नाम भी जोड़ सकते हैं !

## संपादक की कलम से

## सहमति से हो इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा

केंद्र में सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने एक साथ मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है। इंडिया गठबंधन बनने से देश के लोगों को राजनीति में एक नया विकल्प तो मिला ही है। उसके साथ ही उन्हें लगने लगा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इस गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे तो भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को कड़ी टक्कर देंगे। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सहित कई राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियां शामिल है। इनमें से बहुत सी क्षेत्रीय पार्टियों की उनके प्रदेशों में सरकार भी चल रही है। इंडिया गठबंधन की कई बैठके भी हो चुकी है। मगर गठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं होने से आपसी मनमुटाव की स्थिति बनी हुयी है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है। ऐसे में कांग्रेस का दायित्व बनता है कि वह गठबंधन में शामिल सभी दलों को साथ लेकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारे जल्दी से करें। मगर अभी तक ऐसा हो नहीं पाया है। चूंकि देश में 10 साल बाद भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का एक गठबंधन बना है। इसको सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए इसका संयोजक भी बनाया जाना चाहिए था। मगर कई महीने निकल जाने के बाद भी अभी तक विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन का संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाया है। सीटों का बंटवारा नहीं होने के कारण गठबंधन में शामिल कई राजनीतिक दल नाराजगी जाहिर करने लगे है।

इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस द्वारा बरती जा रही ढलाई के चलते ही बिहार में जनता दल यू गठबंधन से बाहर होकर फिर से एनडीए में शामिल हो गया है। जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार भी बना ली है। नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन को बनाने वाले मुख्य राजनेताओं में शामिल थे। वह इंडिया गठबंधन के संयोजक बनना चाहते थे। मगर गठबंधन में शामिल कई दलों के नेताओं में आपसी खींचातान के चलते नीतीश कुमार संयोजक नहीं बन सके। इसी से खफा होकर उन्होंने इंडिया गठबंधन को छोड़ दिया। जीतन राम मांझी की हम पार्टी बिहार में पहले ही इंडिया गठबंधन से बाहर निकल चुकी थी।

इसी तरह उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी भाजपा से गठबंधन कर इंडिया गठबंधन को अलविदा कह दिया है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों से किसी भी तरह का चुनावी गठबंधन करने से इनकार कर दिया है। ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कही है। जबकि कांग्रेस वहां अधिक सीटों पर दावा कर रही थी। इससे वहां सीटों का तालमेल नहीं हो पा रहा है। ममता बनर्जी ने अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही ममता बनर्जी त्रिपुरा, असम, गोवा में भी चुनाव लड़ने की बात कह रही है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ सीटों का बंटवारा नहीं होने के चलत 31 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की एकतरफा घोषणा कर दी थी। इनमें वह लोकसभा सीटें भी शामिल हैं जहां से कांग्रेस चुनाव लड़ने का दावा कर रही है। अखिलेश यादव की एकतरफा घोषणा से उनका कांग्रेस के साथ गठबंधन खटाई में पड़ता नजर आ रहा था। मगर कांग्रेस ने अखिलेश यादव की सभी शर्ते मान कर उत्तर प्रदेश में गठबंधन को टूटने से बचा लिया है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 17 सीटें देने की बात कही है।

बिहार में राजद, कांग्रेस, वामपंथी दलों को मिलकर चुनाव लड़ना है। मगर वहां नीतीश कुमार की जदयू के गठबंधन से बाहर जाने के बाद लालू प्रसाद यादव की राजद 28 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रही है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। वामपंथी दल भी वहां आठ सीटों पर दावा कर रहें है। ऐसे में यदि समय रहते बिहार में सीटों का बंटवारा नहीं हुआ तो गठबंधन की गांठ ढीली पड़ जाएगी।

तमिलनाडु में कांग्रेस ने 2019 में द्रुमक के साथ मिलकर नो सीटों पर चुनाव लडकर आठ सीट जीती थी। मगर अब कांग्रेस वहां 16 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि द्रुमक कांग्रेस को 7 सीट ही देना चाहती है। तमिलनाडु में भी इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में सीट बंटवारे को लेकर आपसी रार मची हुई है। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को दिल्ली में तीन सीट देने की बात कही है। वहीं पंजाब में सीटों के बंटवारे को लेकर अभी तक बात नही बनी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा भी कर दी गयी थी। आप ने कांग्रेस से हरियाणा, गुजरात, गोवा, असम की कुछ सीटों की भी मांग की हैं।

महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार ) व कांग्रेस की महाविकास अघाडी के साथ वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के प्रकाश अंबेडकर के शामिल होने से महाविकास अघाड़ी मजबूत हुई है। मगर महाराष्ट्र में भी अभी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया है। हालांकि महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल एकजुटता के साथ चुनाव में उतरने को तैयार हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों को एक साथ मिलकर चुनाव लड़ना होगा तभी वह भाजपा से मुकाबला कर पाएंगे। इसके लिए सबसे पहले इंडिया गठबंधन के संयोजक का चयन करना होगा।

गठबंधन मे सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस पार्टी को चाहिए कि जहां क्षेत्रीय दल मजबूत है। वहां उनके लिये अधिक सीटे छोडें ताकि भाजपा को कड़ी टक्कर दे सके। वहीं कर्नाटक, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ,.हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे प्रदेश जहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में है वहां वह अधिक सीटों पर चुनाव लड़े।

## पहले धरती को बचाएं

**– पवन नागर**

जिस प्रकार हमने रसायनों का अंधाधुंध इस्तेमाल करके अपने भोजन को पोषण–विहीन बना दिया है, ठीक उसी प्रकार आधुनिक और सुविधाजनक जीवनशैली के लिए पर्यावरण को प्रदूषित कर दिया है। हम नादानों की तरह जंगलों की कटाई कर रहे हैं। बेशकीमती पानी को सहेजने की जगह उसका अंधाधुंध दोहन करने में लगे हुए हैं। पहाड़ों को भी हमने नहीं छोड़ा है जो कि हमारे रक्षा कवच हैं। शहर–दर–शहर पहाडियों को छलनी कर दिया है।

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत जब तकनीक में इतना संपन्न है तो धरती पर यह तकनीक काम क्यों नहीं करती? पिछली गर्मी में बारिश के कारण किसानों की फसलें खराब हो गई थीं, जबकि मानसून में कहीं सूखे के कारण तो कहीं अधिक वर्षा के कारण किसानों की फसलों को बहुत नुकसान हुआ। ऐसे में किसानों के इस नुकसान का पूवार्नुमान लगाने वाली कोई तकनीक अभी तक हमारे पास क्यों नहीं है? जलवायु परिवर्तन ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। आने वाले सालों में यह और भी खतरनाक हो सकता है। अभी हमारे देश के कुछ राज्य सूखे का सामना कर रहे हैं तो कई राज्यों को अधिक वर्षा के कारण बाढ़ और भू–स्खलन की घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का असर सिर्फ भारत में ही हो रहा है। पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन का असर हो रहा है जिसके कारण दुनियाभर के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन से किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा, खासकर उन किसानों को जिनके पास खेती के अलावा और कोई आजीविका नहीं है। मतलब छोटे और मध्यम किसानों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा, जिसके कारण न सिर्फ इनके परिवार संकट में आएंगे, बल्कि खेती–किसानी से जुड़े सभी लोग प्रभावित होंगे और खाद्यान्न संकट पैदा होगा सो अलग। जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों की फसलें खराब हो रही हैं जिससे खाद्य सामग्रियों के दाम अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन की समस्या से निजात पाने में हर व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। चूंकि इस समस्या के उत्पन्न होने में हर व्यक्ति का हाथ है, इसलिए इसके समाधान में भी हर व्यक्ति को भागीदार होना होगा। जिस प्रकार से हमने पर्यावरण को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, ठीक वैसे ही हम सबको पर्यावरण को ठीक करने के लिए कमर कस लेना चाहिए। यदि अभी भी आप इस समस्या को हल्के में लेना चाहते हैं तो भविष्य में आने वाले खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहें। महंगाई से मुकाबला करने के लिए तैयार रहें, खाद्यान्न संकट के लिए तैयार रहें, जल संकट के लिए तैयार रहें, सूखे के लिए तैयार रहें, बाढ़ के लिए तैयार रहें, भीषण गर्मी के लिए तैयार रहें, भू–स्खलन के लिए तैयार रहें, नई–नई बीमारियों के लिए तैयार रहें। दूसरा विकल्प यह है कि आप अपनी जीवन–शैली में परिवर्तन करें और प्रकृति को नुकसान पहुंचाने वाली आदतें त्यागें। विकास का जो बेढंगा मॉडल अभी दुनिया भर में चल रहा है, उस पर पुनर्विचार करें। जंगलों और पहाड़ों पर मानवीय हस्तक्षेप की रोकथाम करें। प्रकृति का चीरहरण बंद करें अन्यथा प्रकृति की व्यवस्था में देर तो है, परंतु अंधेर बिलकुल भी नहीं है।

## नामकरण कौन करे, पंडित या अदालतें ?

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

आज का शीर्षक और विषय दोनों आपको चौंका सकते हैं, क्योंकि इसमें सियासत नहीं समाज और अदालत है। संस्कृति और वितृष्णा है। प्रेम और सहजता है। कुछ गंभीरता भी है और बहुत कुछ हास्यास्पद भी। दअरसल मामला मामला ममता बनर्जी के बंगाल सूबे में एक शेर–शेरनी के नामकरण का है। इस मामले को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय को दखल देना पड़ा। अब लगता है कि हमारी अदालतें सिर्फ कानून की ही नहीं संस्कृति की भी रक्षक बन गयीं हैं या उन्हें जबरन खामखां के विवादों में उलझाया जाता है।

मामला त्रिपुरा के सिपाहीजाला प्राणी उद्यान के दो शेरों का है। प्राणी उद्यान संचालकों ने शेर का नाम अकबर और शेरनी का नाम सीता रखा था। दोनों को सिलीगुड़ी के बंगाल सफारी पार्क में 12 फरवरी को लाया गया था। धर्म ध्वजाएं लेकर चलनी वाली धर्म की स्वयंभू ठेकेदार विश्व हिंदू परिषद (विहिप) को इस नामकरण से पेट में दर्द हुआ और विहिप कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट पीठ के समक्ष एक याचिका दायर कर अनुरोध किया कि इन जानवरों के नाम बदले जाएं, क्योंकि इससे नागरिकों के एक वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस बेतुके मामले को खारिज करने के बजाय प्राणी उद्यान संचालकों को मौखिक रूप से कहा कि शेरनी का नाम सीता और शेर का नाम अकबर रखने से बचना चाहिए था। पश्चिम बंगाल चिड़ियाघर प्राधिकरण इन दो जानवरों के नाम बदलकर विवेकपूर्ण निर्णय ले।

जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पूछा कि क्या किसी जानवर का नाम देवताओं, पौराणिक नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों या नोबेल पुरस्कार विजेताओं के नाम पर रखा जा सकता है ? उन्होंने मौखिक रूप से कहा कि विवाद टालने के लिए जानवरों के इस तरह के नामकरण से बचना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल पहले से ही स्कूल में शिक्षकों की भर्ती में कथित घोटाले समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर विवादों से घिरा हुआ है। उन्होंने कहा, ह्यह्यइसलिए, विवेकपूर्ण निर्णय लें, इस विवाद से बचें ह्नह्न जस्टिस ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग–अलग नाम देने के लिए कहें।

कोर्ट ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पूछा, ह्यह्यआपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए ह्न उन्होंने कहा कि नागरिकों का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है, जबकि अकबर ह्यह्यएक बहुत ही सफल और धर्मनिरपेक्ष मुगल सम्राट थे ह्नह्न जस्टिस भट्टाचार्य ने कहा कि वह दोनों जानवरों के नामों का समर्थन नहीं करते हैं। राज्य सरकार की ओर से पेश वकील ने दावा किया कि दोनों जानवरों के नाम त्रिपुरा में रखे गये थे, न कि पश्चिम बंगाल में और इसे साबित करने के लिए दस्तावेज उपलब्ध हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि नामकरण वहां किया गया है तो त्रिपुरा में चिड़ियाघर प्राधिकरण को मामले में एक पक्षकार बनाया जाना जरूरी है।






सवाल ऐसा है कि जिसका अदालतों से कोई लेना–देना नहीं होना चाहिए। इस देश में नामकरण कोई विचित्र परम्परा है और ऐसा कोई कानून नहीं है जो इस परम्परा को रोकता है। हमारे यहां शेर का नाम अकबर और शेरनी का नाम सीता भी हो सकता है और कुत्ते का नाम डर्बिन, तथा कुटिया का नाम दोना भी हो सकता है। मैंने अपने जीवन काल में कम से कम 25 कुत्ते पाले। सबके नाम अलग–अलग थे और किसी का नाम ये सोच कर नहीं रखा कि ऐसा कर किसी की भावनाओं को आहत किया जाये। त्रिपुरा वालों की भी शायद ऐसी कोई मंशा नहीं होगी। शेर का स्वरूप ही ऐसा होगा की देखने वाले के मुंह से अचानक 'अकबर' निकल गया होग। शेरनी में इतनी पाकीजगी दिखी होगी की उसके लिए मुंह से सीता नाम निकला हो।

नाम में क्या रखा है ? विवाद बहुत पुराना है। हमारे यहां नाम में सब कुछ है और कुछ भी नहीं। किसी के लिए कोई नाम जीवन का आधार भी हो सकता है और किसी के लिए नाम से कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारे गांव में पशु–पक्षियों को तो छोड़िये मनुष्यों के ऐसे नाम सुनने को मिल जायेंगे कि आपका मन या तो खिन्न हो जाएगा या फिर आप नाम सुनकर मुस्करा उठेंगे। आप कल्पना करिये यदि किसी का नाम 'कलुआ' या 'घसीटा' हो तो कैसा लगे ? किसी का नाम लपटा या रमोला हो तो क्या हो ? लेकिन ऐसे नाम होते हैं। हम व्यक्ति का नाम अकबर और सीता रख सकते हैं तो जानवर का क्यों नहीं ?। जानवर अकबर नहीं हो सकता किन्तु मनुष्य हो सकता है। वाह क्या सोच है ?

आपने शायद कभी गौर न किया हो किन्तु एक प्राणी प्रेमी होने के नाते मैंने कुत्तों के नामों पर हमेशा ध्यान दिया। मैंने अपने आस–पड़ौस और इष्ट–मित्रों के यहां पालतू कुत्तों के ऐसे –ऐसे नाम सुने की धन्य हो गय। क्या आप यकीनन करेंगे की कुत्तों के नाम 'लूना, चौकीदार, बेला, मैक्स, ल्यूस, गुलबहार, कूपर, सैडी,? आंगन, रॉकी, ओलिवर, क्लो, विंस्टन, रॉक्सी, ड्यूक या लोला भी हो सकते है। मैंने जीउस, हार्ले, सोफी, भालू, मार्ले, मुरलीवाला, आलू, रिले, जैक, एनी, माणिक और अक्सर नाम के भी पालतू जानवर देखे हैं, उनसे मिला हूँ।

नामों को लेकर पता नहीं क्यों हमारे राजनीतिक दल और संगठन बेहद संवेदनशील है। उनकी संवेदनशीलता व्यवहार में नजर नहीं आती। उनकी भावनाएं छुईमुई की तरह बड़ी जल्दी आहत हो जातीं है। भले ही जिनके नाम का इस्तेमाल किया गया हो उनकी आत्माएं कभी आहत न होती हों। हमारे देश में नामों को लेकर राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि सरकारें तक बहुत संवेदनशील है। हमारी केंद्र सरकार पिछले एक दशक में अनेक शहरों और स्टेशनों के नाम बदल चुकी है। स्टेडियमों तक के नाम बदले गए है। हर विचार का राजनीतिक दल ये फालतू के काम करता है।

आपको याद होगा कि एक जमाने में उत्तर प्रदेश में बहन मायावती की सरकार ने तमाम जिलों के नाम बदल दिए थे। बाद में ये परम्परा खूब चली और योगी आदित्यनाथ की सरकार ने भी इलाहाबाद को प्रयाग और बनारस को काशी कर ही दिया। हमारा अच्छा खासा हबीबगंज अब रानी कमलापत रेलवे स्टेशन हो गया है। अब हबीब की आत्मा नाखुश है और रानी कमलापत की प्रसन्न। स्टेडियम का नाम बदलने से सरदार की आत्मा खिन्न है और मोदी जी की प्रसन्न। ये सब चलता आया है और चलता आएगा लेकिन ऐसे मामलों को अदालत कोई दहलीज तक नहीं जाना चाहिए। पर सवाल ये है कि ऐसा होने से रोके कौन ? सरकारें तो खुद नाम–नाम खेलती रहतीं हैं। वे जब कुछ नहीं कर पातीं तो नाम बदल देतीं हैं या फिर किसी भी नाम को चुनकर उसे भारतरत्न बना देती हैं। ये सब लोगों को खुश करने के लिए किया जाता है। ऐसा ही पालतू पशु–पक्षियों के नामकरण के जरिये उन्हें खुश करने के लिए किया जाता है।

अब जिस शेर का नाम अकबर रखा गया है उसे क्या पता की अकबर कौन था और उसका नाम मिलने से उसका कितना मान बढ़ा या घटा ? यही बात शेरनी सीता के बारे में भी लागू होती होगी। अब ये शेर शेरनी मुगलकाल या त्रेता के जमाने के तो होंगे नहीं जो उन्होंने अकबर या सीता को देखा है। बेचारे निर्दोष हैं और वे भी निर्दोष हैं जिन्होंने इन वन्य प्राणयों को ये नाम दिए। अब ये तो हमारी सरकार ही कर सकती है कि वो आने वाली संसद में नारी शक्ति वंदना या समान नागरिक संहिता की तरह नामकरण करने के लिए भी एक कानून बना दे ताकि भविष्य में कोई अपने कुत्ते, तोते, गधे, घोड़े या शेर का नाम अकबर या सीता न रख सके। महाराण प्रताप ने अपने घोड़े का नाम चेतक किसकी सलाह पर रखा था, ये भी पता किया जाना चाहिए। इस विषय पर पीएचडी की उपाधि हासिल की जा स्काती है।

## समृद्धि के शिखर एवं गरीबी के गड्ढ़े वाली दुनिया

**– ललित गर्ग –**

वैश्विक संस्था ऑक्सफैम ने अपनी आर्थिक असमानता रिपोर्ट में समृद्धि के नाम पर पनप रहे नये नजरिया, विसंगतिपूर्ण आर्थिक संरचना एवं अमीरी गरीबी के बीच बढ़ते फासले की तथ्यपरक प्रभावी प्रस्तुति समय–समय पर देते हुए इसे संतुलित एवं समानतामय संसार–संरचना के लिये घातक बताया है। संभवत: यह एक बड़ी क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी बन सकता है। ऑक्सफैम के अनुसार आर्थिक असमानता के लिहाज से पिछले कुछ साल काफी खराब साबित हुए हैं। आज देश एवं दुनिया की समृद्धि कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है, भारत में भी ऐसी तस्वीर दुनिया की तुलना में अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही है। भारत में भी भले ही गरीबी कम हो रही हो, लेकिन अमीरी कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है। बीते चार सालों की घटनाएं, इनमें चाहे कोरोना हो या युद्ध या इससे उपजी महंगाई, बेरोजगारी, अभाव इन सभी कारणों के चलते साल 2020 के बाद दुनियाभर में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। दूसरी ओर इसी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के पांच शीर्ष धनाढ्यों की दौलत पिछले चार साल में 869 अरब डॉलर बढ़ी है। क्या यह आश्चर्य का विषय नहीं कि विकसित दुनिया की दौड़ में कुछेक लोग सबसे आगे दौड़ रहे हैं और बड़ी संख्या में गरीब दहलीज पर खड़े हैं? वो लोग जो अमीरी के शीर्ष पर हैं, वे वर्चुअल दुनिया और एक ग्लोबल बाजार के मालिक हैं। ऐसे लोगों के सामने आम आदमी की गरीबी दूर करने का नहीं, बल्कि अपनी समृद्धि बढ़ाने का लक्ष्य है। यह ऐसी दौड है जो असंतुलन को न्यौतती हैं, दु:ख, अभाव एवं असंतोष बढ़ाती है।

भारत में अंबानी एवं अडाणी छोटे व्यापारियों के निवाले छीन रहे हैं तो दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण बाजारवादी नीतियों का हिस्सा एवं ईश्वर की रची मानव–संरचना में बेहूदा हस्तक्षेप है। संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं। ध्यान रहे कि इस प्रत्यारोपण का लक्ष्य मानव–कल्याण कदापि नहीं है। जाहिर है मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है। वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी। वही मस्क जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर–सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं। यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज एवं कुछेक लोगों तक केन्द्रित होती समृद्धि मानवता की संहारक नहीं बन रही है? जनता में आक्रोश एवं विद्रोह का बड़ा कारण नहीं बन रही है? भारतीय लोग इनदिनों इस बात से बहुत खुश होते रहते हैं कि भारत शीघ्र ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन दुनिया के इस तीसरे सबसे बड़े मालदार एवं समृद्ध देश की असली हालत क्या है? ऑक्सफॉम के ताजा आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 54.12 लाख करोड़ रु. है यानि उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि वह बताए बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है। इसी का नतीजा है कि देश के 70 करोड़ लोगों की कुल संपत्ति देश के सिर्फ 21 अरबपतियों से भी कम है। प्रश्न यह है कि क्या समृद्धि लोगों की शक्ति ही समाज के विकसित होने का मापदंड होती जा रही है? क्या इधर जीवन मूल्यों पर मनुष्य या मानव समाज की पकड़ कमजोर हो रही है और बाजार की मजबूत? क्योंकि इन समृद्ध लोगों की बाजारवादी नीतियों से खरीदना, निरंतर खरीदना एक सामाजिक आदत–सी बन गई है। आम जनता से अधिक इन समृद्ध लोगों पर सरकार का भरोसा बढ़ना एक आदर्श समाज व्यवस्था की बड़ी विसंगति एवं विडम्बना है। मुश्किल यह है कि किसी के दुख को समझने के लिए जो जीवन मूल्यों की नजर चाहिए, उसे बाजार ने हाई–जैक कर लिया है। इंसानियत कमतर हो तो कोई बात नहीं, ब्रांड वैल्यू बढ़नी चाहिए? ऐसी परिस्थिति में आम आदमी क्या करे?

महात्मा गांधी को पूजने वाले सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त एवं ऐसे ही आर्थिक समानता के सिद्धांतों को बड़ी चतुराई से किनारे कर रखा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है।

# ईओ की अगुवाई में निकली मतदाता जागरूकता रैली

## मतदान में हिस्सा लेना प्रत्येक नागरिक का है कर्तव्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चुनाव आयोग के निर्देश पर जन-जन को मतदान के प्रति जागरूक करने को स्वीप के तहत नगर पालिका परिषद कर्वी ने नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ ईओ लालजी यादव, नायब तहसीलदार मंगल सिंह यादव ने किया।



मतदाता रैली निकालते बच्चे व कर्मचारी।

शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली धनुष चौराहा से होते हुए एलआईसी तिराहा, पटेल तिराहा होते हुए धनुष चौराहे पर समाप्त हुई। जनता को मतदान के प्रति जागरूक किया। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी होगी, जब हर मतदाता वोट का प्रयोग करेगा। मतदान जितना ज्यादा होता है, उतनी मजबूत सरकार बनती है। देशहित में मतदान में हिस्सा लेना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हर भारतवासी को बाढ़-चाढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। रैली में नगर पालिका परिषद कर्वी के सभी अधिकारी-कर्मचारी व राजस्व विभाग के अधिकारी, कर निरीक्षक राहुल पांडे, वरिष्ठ लिपिक प्रवीण श्रीवास्तव, कर्मोत्तम सिंह, सुभाष गुप्ता, ज्ञानचंद गुप्ता, सुरेश राम, अशरफ खान, खंड शिक्षा अधिकारी, सदर लेखपाल महेंद्र सिंह, रजिस्टार कानूनगो सुधीर कुमार, वार्ड मेम्बर शंकर यादव, सफाई नायक अमित कुमार, महफूज खान, शारदा प्रसाद तिवारी, इदरीश खान, अंकित जायसवाल व स्कूली बच्चे तथा शिक्षक-शिक्षिकायें शामिल रहे।

## 28 को होगी उत्तर मध्यमा परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि सचिव उप्र मध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ के निर्देश पर पूर्व माध्यम से उत्तर मध्यमा स्तर परीक्षा को जारी कार्यक्रम में 28 फरवरी से द्वितीय पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय की भूगोल व चित्रकला के प्रश्न पत्र की परीक्षा तय है। अपरिहार्य स्थिति में 28 फरवरी को द्वितीय पाली में केवल उत्तर मध्यमा द्वितीय के भूगोल विषय की परीक्षा होगी। उत्तर मध्यमा द्वितीय के चित्रकला विषय की परीक्षा एक मार्च को पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में सवेरे साढे आठ से 11.45 बजे तक होगी।

# प्रिया करेगी भविष्य में देश का नाम रोशन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रिया त्रिपाठी की सफलता से जाहिर है कि वो पीटी ऊषा जैसी स्पोर्ट्स वूमेन हैं। उनका भविष्य स्पोर्ट्स में है, जो भविष्य मे राष्ट्र का नाम रोशन करेगी।

शुक्रवार को प्रिया के गांव वालों ने कहा कि प्रतीत होता है ये बेटी एक दिन देश के साथ खंडेहा अर्जुनपुर गांव का नाम रोशन करेगी। हर बार जीत दर्ज करना आसान नही होता। इस बार प्रिया ने दो गोल्ड व एक ट्राफी अपने नाम कर मैन ऑफ द मैच बनकर सबकी उम्मीदें बढ़ा दी हैं। खेलकूद विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों मे विशेष प्रतिभायें होती हैं। प्रिया में भी खेलकूद की विशेष प्रतिभा है। मौजूदा समय मे खेलकूद में अच्छा कैरियर बनता है। इसलिए प्रिया को पढ़ाई के साथ खेलकूद क्षेत्र में प्रयास करना चाहिए। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में जारी खेल प्रतियोगिता मे चित्रकूट जिले की प्रिया त्रिपाठी ने दो गोल्ड व ट्राफी जीतकर इलाहाबाद डिग्री कालेज व जिले का नाम रोशन किया है।



प्रिया के साथ माता-पिता।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय से सम्बद्ध इलाहाबाद डिग्री कालेज की एलएलबी की छात्रा प्रियंका त्रिपाठी ने इस वर्ष खेल प्रतियोगिता में दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल लाकर सिद्ध किया कि मजबूत इच्छाशक्ति से कुछ भी असम्भव नहीं है। प्रियंका ने सौ मीटर रेस व ऊंचीकूद में गोल्ड तथा डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल लाकर माता-पिता समेत जिले का नाम रोशन किया है। उसने आठवीं से 12वीं तक सद्गुरु पब्लिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण की है।

# ग्रामीणों ने अन्ना गौवंश पकड एसडीएम को सौंपे

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** बछरन गांव के किसानों ने अन्ना गौवंशों के फसल नष्ट करने से परेशान होने पर एकत्र होकर अन्ना गौवंशो को पकड़कर एसडीएम राजापुर को पत्र देकर समस्या समाधान की मांग की।

शुक्रवार को एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा ने बताया कि बछरन के किसानों ने 120 अन्ना गौवंशों को पकड़ कर तालाब किनारे संरक्षित करा दिया है। गौवंशों को अन्य गौशाला में भेजा जायेगा। प्रधान-सचिव को निर्देश दिये हैं कि किसी भी गांव में अन्ना गौवंश मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। किसानों की बैठक में शंकर सिंह, संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद, माता बदल, राज किशोर, लवलेश सिह, रमेश सिंह, राजेश पांडेय, योगेंद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, करण सिंह, छत्रपाल सिंह, मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।



किसानों की समस्या सुनते एसडीएम।

## निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर में बांटी दवायें

**चित्रकूट।** उप्र शासन आयुष विभाग के निदेशक होम्योपैथी, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के सहयोग से शुक्रवार को तीर्थ स्थल रामघाट मेला कंट्रोल रूम में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी ने निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया। शुक्रवार को शिविर में पथरी, गठिया, चर्मरोग, पाचन संबंधी रोग, खासी, दमा, मधुमेह व अन्य बीमारियों बाबत 543 तीर्थ यात्रियों को निःशुल्क औषधि बांटी गई। डा राजेश कुमार, डा प्रभू सिंह, बद्री प्रसाद, राजेश रंजन दास, अन्य कर्मियों व नगर पालिका कर्मियों का योगदान रहा।

# राजनीति में भागीदारी को अग्रहरि समाज का निर्णय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अग्रहरि समाज विकास सेवा संस्थान की ऋषि सत्संग भवन शंकर बाजार कर्वी में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए बद्री प्रसाद अग्रहरि ने जिले समेत ग्रामीण क्षेत्र के समाज के लोगों का आभार जताया। कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा को लेकर रोजगार व स्वस्थ्य समाज के विकास व उत्थान को सभी के विचार आमंत्रित हैं।



बैठक में मौजूद अग्रहरि समाज के लोग।

शुक्रवार को हुई बैठक में समाज के वरिष्ठ जगदीश अग्रहरि ने कहा कि वे समाज के लिए समर्पित हैं। सभी लोगों का दायित्व है समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख व उत्थान बाबत कंधे से कंधा मिलाकर चलें। अभी तक कोई प्लेटफार्म नहीं था। अब अग्रहरि समाज विकास सेवा संस्थान प्लेटफार्म के रूप में है। समाज में हर तबके के लोगों के सुख-दुख में साथ देंगे, ताकि समाज के कमजोर व्यक्ति की मदद कर संगठित होकर राजनैतिक दलों को ताकत का एहसास करायेंगे, तभी समाज में राजनीतिक दलों में भागीदारी होगी। देश की सभी पार्टियों को संगठन व एकता का लोहा मनवाना होगा। सभी लोग संगठित होकर अग्रहरि समाज की पहचान बनायें। रिटायर्ड पुलिस दरोगा शिवदास गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष अग्रहरि समाज प्रतिभावान छात्रों को सहयोग कर शिक्षा को प्रोत्साहित करेगा। संचालन करते हुए रमेश भूषण ने आवाहन किया कि सभी लोग पंजीकृत संस्था के सदस्य बनकर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि हर माह बैठक होगी। हर जिले में परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह कराये जायेंगे। बैठक में कमलेश अग्रहरि मानिकपुर, शिवमंगल अग्रहरि पहाडी, राजकुमार अग्रहरि, मनोज अग्रहरि, सोमनाथ अग्रहरि, लवकुश अग्रहरि, शिवकरण अग्रहरि, सियाराम अग्रहरि, भागीरथी गांधी, राजाराम, लोटन प्रसाद, सत्यनारायण आदि मौजूद रहे।

## हत्यारोपी बेटे की जमानत खारिज

**चित्रकूट।** पैसे के लिए कुल्हाडी से काटकर पिता की हत्या के मामले में जेल में बंद हत्यारोपी बेटे की जमानत सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने खारिज कर दी है। शुक्रवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि छह अक्टूबर 2023 को रैपुरा थाने में बगरेही के कमलेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपरान्ह तीन बजे उसके पिता राधेश्याम द्विवेदी की पीपल पेड के नीचे चबूतरे पर छोटे भाई त्रिवेणी प्रसाद ने कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी। वह पिता से पैसे मांग रहा था। पुलिस ने मामला दर्जकर हत्यारोपी बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हत्यारोपी त्रिवेणी प्रसाद ने अधिवक्ता ने सत्र न्यायाधीश के यहां जमानत प्रार्थना पत्र पेश किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला जज विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी त्रिवेणी प्रसाद का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# एसपी ने परेड की सलामी लेकर सुधार के दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को परेड निरीक्षण दौरान पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया। परेड ग्राउंड में मौजूद सभी टोलियों की ड्रिल देखी। आवश्यक सुधार के प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये। परेड ग्राउंड में आर्मोरर शैलेन्द्र यादव व अश्विनी भारद्वाज ने 5.56 इंसास राइफल, 7.62 राइफल व 7.56 एके 47 राइफल चलाने बाबत विस्तार से बताया। पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा देखकर वाहनों के रख-रखाव को प्रभारी परिवहन शाखा को निर्देश दिये। पुलिस लाइन स्थित जिम, मैस, आरक्षी बैरिक देखकर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण को साफ-सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में निर्माणाधीन 12 मंजिला आवासीय इमारत का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य समय से पूरा करने को कहा।



आवासीय भवन देखते एसपी।

## बाल अधिकार आयोग सदस्य का भ्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग इं अशोक कुमार यादव 26 से 28 फरवरी तक जिले का भ्रमण करेंगे। सदस्य 26 को सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम कर 27 को चित्रकूट के दर्शनीय स्थलों का दर्शन-पूजन तथा पूर्वान्ह 11 बजे जिला अस्पताल के पीकू वार्ड, एनआईसी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण समेत कोविड-19 से प्रभावित बच्चों व एकल परिवारों के आवास पर संवाद करेंगे। अपरान्ह दो बजे संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर साढे तीन बजे प्रेस वार्ता करेंगे।

# सरकार विरोधी नारेबाजी कर किसानों ने मनाया काला दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर जिले के किसानों ने जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में सैकड़ों गांवों में किसानों ने काला दिवस मनाया। काली पट्टी बांधकर काले झंडे लहराकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए शहीद किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शुक्रवार को भाकियू ने सरकार को किसान हत्यारी सरकार करार देते हुए जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि पूरे देश में किसानों ने काला दिवस मनाया। दिल्ली सीमा पर किसानों पर हो रहे जुल्म को लेकर किसान आक्रोशित हैं। ब्लॉक अध्यक्ष देवनारायण यादव की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने निजी नलकूप कनेक्शन पर जेई के परेशान करने बिजली पावर हाउस रामनगर का घेराव किया। किसानों ने जेई पर पैसे लेने के आरोप लगाये। किसानों का आंदोलन देख मौके पर पहुंच एसडीओ ने समस्या सुनी। भरोसा देकर आन्दोलन खत्म कराया। किसानों में ब्लॉक अध्यक्ष रमेश पाठक, वीरेंद्र, ओमनारायण गर्ग, योगेंद्र सिंह, उदयनारायण सिंह, मनोज द्विवेदी, शिवदयाल बघेल, राजकिशोर सिंह, प्रेम सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रामेश्वर, कमलेश, रामबालक पाल, वीरेंद्र सिंह, राममूरत नामदेव आदि मौजूद रहे।



किसानों से बात करते एसडीओ।

# करेडी नाला तक बनेगी लिंक नहरः विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले के रसिन बांध में मधवा तालाब सुदिनपुर के करेडी नाला तक लिंक नहर बनाने की प्रदेश सरकार से मांग की थी। इस बाबत 18 दिसम्बर 2023 को सिंचाई निर्माण खण्ड कर्वी के अधिशाषी अभियंता को पत्र भेजा था।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

शुक्रवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने बताया कि लिंक नहर बनने से रौली, लूक, धौरही, ल्यौंझा, मऊ-ब समेत दर्जनो गांवों में सिंचाई समस्या से निदान मिल सकता है। मामले में सिंचाई निर्माण खण्ड कर्वी ने जरिये पत्र 23 फरवरी को बताया कि रसिन बांध से निकलने वाली रसिन दांयी मुख्य नहर के विस्तारीकरण परियोजना गठित की है। विस्तारीकरण कराना प्रस्तावित है। परियोजना को मुख्य अभियन्ताओं की तकनीकी समिति बैठक में पेश किया है। परियोजना के अनुमोदन बाद मंजूरी को शासन को पत्रावली भेजी जा चुकी है।

विधायक ने कहा कि लिंक नहर बनने से दर्जनों गांवों के किसानों की फसल सिंचाई को पानी मिलेगा। लिंक नहर की मंजूरी कराने के पूरे प्रयास किये जायेंगे।

## 22 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा इमरान खान ने शिवभवन पुत्र स्व भुल्लू निवासी हनुमानगंज के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इमरान खान व सिपाही लवकुश यादव शामिल रहे।

# 26 को पीएम करेंगे रेलवे स्टेशन का वर्चुअल शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से देश के 554 रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास एवं 1500 रोड व ब्रिज अंडरपास का शिलान्यास होगा। अयोध्या धाम की तर्ज पर बने चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन का भी शिलान्यास 26 फरवरी को स्टेशन परिसर में होगा।



कुछ यूं रहेगा कर्वी रेलवे स्टेशन।

शुक्रवार को स्टेशन प्रबंधक आरसी यादव ने बताया कि कर्वी रेलवे स्टेशन का वर्चुअल शिलान्यास मोदी करेंगे। भव्यता से कार्यक्रम आयोजन की तैयारी हो रही है। चित्रकूट धाम कर्वी व मानिकपुर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है, जो अमृत स्टेशन योजना से 17 करोड़ की लागत से होगा। सांसद आरके सिंह पटेल समेत जनप्रतिनिधि, व्यापारी बंधु, मीडिया कर्मियों को आमंत्रित किया है। वर्चुअल शिलान्यास का सीधा प्रसारण रेलवे स्टेशन से देखने-सुनने की व्यवस्था रेलवे विभाग ने की है।

स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन अयोध्या धाम की तर्ज पर लाल पत्थर से सुसज्जित है। 17.6 करोड़ की लागत से कायाकल्प हो रहा है। अत्याधुनिक सुविधायें होंगी। तैयारी बैठक में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक गिरीश पांडेय, सेक्शन इंजीनियर सोनू गुप्ता, पारस पाल, राजेंद्र कुमार, संजीव कुमार, अखिलेश सिंह, अजय निराला, नवल किशोर, चंद्रभान, शिव बिहारी समेत व्यापारी नेता शानू गुप्ता, पत्रकार रतन पटेल, शंकर यादव, अखिलेश सोनकर, सोहन सिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल लर्निंग की दी जानकारी

**चित्रकूट।** राजकीय संप्रेषण गृह किशोर कर्वी में आवासित संवासियों को डिजिटल लर्निंग की जानकारी दी गई। सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने शिक्षा में डिजिटल लर्निंग के लाभ व सावधानियों बाबत बताया। आवासित संवासियों ने भी विचार व्यक्त किये। डिजिटल लर्निंग के महत्व को समझा। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहा।

## छेड़छाड़ आरोपी को हुई तीन वर्ष की सजा

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन व मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल व पैरोकार अशोक कुमार यादव तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की टीम की पैरवी से न्यायालय ने नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी को तीन वर्ष की सजा व तीन हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। शुक्रवार को विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट विनीत नारायण पाण्डेय ने कुलदीप पुत्र बलदेव पंडित निवासी इटवा थाना कमासिन जिला बांदा को तीन वर्ष की सजा व तीन हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि चार सितम्बर २०१७ को वादी ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट लिखाई कि कुलदीप ने नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़, गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

# राजापुर पुलिस ने पांच जुआरी रंगेहाथ दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार की टीम ने पांच जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है।



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

शुक्रवार को पुलिस टीम ने छापेमारी कर दीपक पुत्र सोनेलाल माधवगंज, रोहित पुत्र सोहनलाल सोनकर गयागंज, नागेश याज्ञिक पुत्र बच्चू याज्ञिक माधवगंज, इंद्र कुमार पुत्र छेदी केवट गयागंज व अभिलाष कुमार पुत्र छोटेलाल अंजहाईपुर पुरानी बस्ती को ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 2460 रुपये, ताश के 52 पत्ते व जामा तलाशी में 960 रुपये बरामद किये। जुआरियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार, दरोगा शैलेंद्र कुमार सिंह, दीवान मुकेश कुमार, सिपाही प्रकाश मिश्रा व अजय मिश्रा शामिल रहे।

## एसपी के निर्देश पर दो पर गुण्डा एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले अंकित जायसवाल उर्फ पक्का पुत्र शंकरलाल निवासी बरगदीपुरवा मजरा बेराउर व मंजीत सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी महुआ के खिलाफ श्री यूपी गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# आधी सदी में पहली बार अमेरिका निर्मित अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की प्राइवेट कंपनी "इंट्यूटिव मशीन्स" के रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस की मून लैंडिंग हो गई है। लगभग 50 साल बाद रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस चांद की सतह पर उतरा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है। चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है।



द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इंट्यूएटिव मशीन्स के ओडिसियस लैंडर को पिछले हफ्ते स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च किया गया था।

यह छह पांव वाला एक रोबोट लैंडर है। यह भारतीय समयानुसार, शुक्रवार सुबह 4:30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा। संयुक्त राज्य अमेरिका का यह अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक चंद्रमा पर उतरकर 50 से अधिक वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान बन गया है।

मई 2019 में नासा ने घोषणा की थी कि वह चंद्रमा पर "इंट्यूटिव मशीन्स" के पांच पेलोड भेजेगा। मगर पैसे लेकर बात नहीं बन पाई थी। इसके चंद्रमा पर पहुंचते ही नासा ने टिप्पणी की कि वह तब कंपनी को लगभग 118 मिलियन डॉलर का भुगतान कर रही थी। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, नासा मूल रूप से चाहता था कि इंटुएटिव मशीनें अपने ओडिसियस मिशन को चंद्रमा के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में ओशनस प्रोसेलरम नामक एक आसान-से-पहुंच वाले स्थान पर भेजें। यह चंद्रमा के निकटवर्ती भाग पर एक विशाल वैज्ञानिक रूप से पेचीदा काला धब्बा है।

## गाजा पर इजराइल के हमलों में 48 लोगों की मौत, मरने वालों में महिलाएं व बच्चे भी



**गाजा।** दक्षिणी और मध्य गाजा में रातभर चले इजराइली हमलों में कम से कम 48 लोगों की मौत हो गयी जिनमें आधी संख्या महिलाओं और बच्चों की है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वहीं, यूरोपीय विदेश मंत्रियों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने मानवीय संकट व क्षेत्र में भुखमरी की आशंका पर बढ़ती चिंताओं के बीच संघर्षविराम का आह्वान किया। इजराइली पुलिस ने बताया कि इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में भी तनाव बढ़ रहा है, जहां गुरुवार सुबह तीन फलस्तीनी बंदूकधारियों ने राजमार्ग पर एक जांच चौकी से गुजर रहे वाहनों पर गोलीबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। एक इजराइली अधिकारी ने बुधवार देर रात बताया कि इजराइल और हमास के बीच संघर्षविराम समझौते को लेकर नए प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने कहा कि समझौता ही गाजा में युद्ध को रोक सकता है और दक्षिणी इजराइल पर सात अक्टूबर को हुए हमले के बाद से चरमपंथियों द्वारा बंधक बनाए गए लगभग 130 इजराइली बंधकों को रिहा कराने में मदद कर सकता है। लगभग एक सप्ताह पहले समझौते को लेकर जारी बातचीत रुक गई थी लेकिन इजराइल की ओर से यह बयान संघर्षविराम की एक नयी उम्मीद लेकर आया है। वहीं, पूर्व सैन्य प्रमुख और रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज ने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि अगर हमास शेष बंधकों को रिहा नहीं करेगा तो इजराइल 10 मार्च के आसपास शुरू होने वाले रमजान महीने के दौरान गाजा के दक्षिणी शहर रफाह पर जमीनी हमला करेगा।

## पाकिस्तान में आज पंजाब विधानसभा के सामने पीटीआई करेगी प्रदर्शन



**इस्लामाबाद।** पंजाब विधानसभा के निर्वाचित सदस्य आज (शुक्रवार) अपने शपथ लेंगे। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने विधानसभा के सामने विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। डॉन समाचार पत्र के अनुसार पीटीआई ने गुरुवार देर रात इसका फैसला किया। साथ ही पीटीआई नेतृत्व ने फैसला किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए मियां असलम इकबाल के नेतृत्व में सभी पार्टी समर्थित विजेता सदस्य पंजाब विधानसभा के पहले सत्र में हिस्सा लेंगे। मध्य पंजाब पीटीआई के महासचिव हम्माद अजहर ने एक्स पर घोषणा की है कि पीटीआई समर्थित उम्मीदवार जो फॉर्म 47 में परिणाम गणना में "धांधली" के कारण हार गए थे, वे पंजाब विधानसभा के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक भी शामिल होंगे।

रावलपिंडी के पूर्व कमिश?नर का दावा, पीटीआई ने चुनाव में धांधली करवाने के लिए 'लाभदायक पद' की पेशकश की थी

रावलपिंडी के पूर्व कमिश?नर लियाकत अली चट्ठा ने पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए आम चुनावों में धांधली से संबंधित अपने सभी आरोपों को वापस लेते हुए कहा कि वह इसके लिए 'बेहद शर्मिंदा हैं' और दावा किया कि उन्होंने यह कदम पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक नेता के साथ तालमेल कर उठाया था

# मरियम नवाज बनेंगी पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री

**लाहौर।** मरियम नवाज जहां पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। वहीं, पाकिस्तान में नई सरकार के गठन की सुगबुगाहट के बीच पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थन से जीते नेशनल असेंबली व प्रांतीय असेंबली के निर्दलीय सदस्य कट्टरपंथी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल हो गए हैं। इससे वे महिलाओं व अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटों के कोटे में हिस्सेदारी का दावा कर सकेंगे। पीटीआई समर्थित निर्दलियों ने इस आशय का हलफनामा चुनाव आयोग को सौंप दिया है।

मरियम पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी हैं। पंजाब पहला प्रांत है, जो अपना उद्घाटन सत्र शुक्रवार को बुला रहा है। गवर्नर हाउस के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि पंजाब के राज्यपाल बालीघुर रहमान ने शुक्रवार को पंजाब विधानसभा सत्र बुलाया है जिसमें विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और नई सरकार का गठन शुरू होगा।

बता दें कि 50 वर्षीय मरियम पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। उन्हें पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ का



राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता है। नवाज शरीफ ने अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ को अपनी पार्टी की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया है।

वहीं, पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थन से जीते नेशनल असेंबली व प्रांतीय असेंबली के निर्दलीय सदस्य कट्टरपंथी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल हो गए हैं। इससे वे महिलाओं व अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटों के कोटे में हिस्सेदारी का दावा कर सकेंगे। पीटीआई समर्थित निर्दलियों ने बुधवार को इस आशय का हलफनामा चुनाव आयोग को सौंप दिया।

रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल असेंबली के 89 सदस्यों, खैबर पख्तूनख्वा असेंबली के 85 सदस्यों, पंजाब असेंबली के 106 सदस्यों और सिंध असेंबली के नौ सदस्यों ने अपने हलफनामे जमा किए हैं। हालांकि, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख बैरिस्टर गौहर खान और प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार उमर अयूब खान सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) में शामिल नहीं हुए। इसके अलावा खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री पद के लिए पीटीआई उम्मीदवार अली अमीन गंडापुर ने भी एसआइसी की सदस्यता नहीं ली।

माना जा रहा है कि ये लोग एसआईसी में इसलिए नहीं शामिल हुए जिससे पार्टी के संगठनात्मक चुनावों में ये बड़े पदों के प्रत्याशी बन सकें। पीटीआई ने आगामी तीन मार्च को पार्टी के संगठनात्मक चुनाव कराने का एलान किया है।

## ब्रिटिश हाई कोर्ट में असांजे के अमेरिकी प्रत्यर्पण पर सुनवाई पूरी, बाद में आएगा फैसला

**लंदन।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे के अमेरिका प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील पर ब्रिटिश हाई कोर्ट में बुधवार को दो दिन तक चली सुनवाई पूरी कर ली गई लेकिन न्यायाधीशों ने कहा कि वे अपना फैसला बाद में सुनाएंगे। जासूसी के आरोपों का सामना कर रहे 52 वर्षीय असांजे अमेरिका में वांछित हैं। असांजे को 2019 से दक्षिण पूर्व लंदन स्थित



अत्यंत सुरक्षा वाली वेलमार्श जेल में रखा गया है। एक दशक पहले अफगानिस्तान और इराक युद्धों से संबंधित सैन्य दस्तावेज विकीलीक्स पर प्रकाशित होने के बाद असांजे अमेरिका में राष्ट्रीय रक्षा सूचना सार्वजनिक करने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। विकीलीक्स पर प्रकाशित सूचनाओं में अपाचे हेलीकॉप्टर से 2007 में बगदाद की सड़कों पर रायटर के पत्रकारों और बच्चों को अमेरिकी सेना द्वारा मारे जाने का वीडियो फुटेज भी शामिल है।

अमेरिका के वकीलों ने इससे पहले कहा था कि जेल की सजा सुनाई गई तो असांजे को उनके अपने देश आस्ट्रेलिया में स्थानांतरित किए जाने की अनुमति दी जाएगी। 2022 में ब्रिटेन की तत्कालीन गृह मंत्री प्रीती पटेल ने असांजे को प्रत्यर्पित करने की स्वीकृति दी थी। इससे पहले असांजे के मानसिक स्वास्थ्य चिंताओं को देखते हुए प्रत्यर्पण रोक दिया गया था।

## रावलपिंडी के पूर्व कमिश्नर का दावा, पीटीआई ने चुनाव में धांधली करवाने के लिए 'लाभदायक पद' की पेशकश की थी

**इस्लामाबाद।** रावलपिंडी के पूर्व कमिश?नर लियाकत अली चट्ठा ने पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए आम चुनावों में धांधली से संबंधित अपने सभी आरोपों को वापस लेते हुए कहा कि वह इसके लिए 'बेहद शर्मिंदा हैं' और दावा किया कि उन्होंने यह कदम



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक नेता के साथ तालमेल कर उठाया था। यह बात एक मीडिया रिपोर्ट में कही गई। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चट्ठा ने पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) को दिए एक बयान में कहा, "मैं अपने किए काम की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई के लिए अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करता हूं।" चट्ठा ने पिछले शनिवार को एक नाटकीय घटनाक्रम में इस्तीफा दे दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके "विवेक" उन्हें दोषी माना, क्योंकि उन्होंने शहर में हुए चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली करवाई।

चट्ठा के इस खुलासे से देश में राजनीतिक पारा और बढ़ गया।

कमिश्नर ने दुर्लभ प्रेस कॉन्फ्रेंस में रावलपिंडी डिवीजन में हुई "धांधली" की जिम्मेदारी ली।

उन्होंने कहा, "हमने हारे हुए लोगों को 50,000 वोटों के अंतर से विजेताओं में बदल दिया।" उनके आरोपों के जवाब में पीटीआई, जमात-ए-इस्लामी (जेआई), और अन्य राजनीतिक दल - जिनमें से अधिकांश ने पहले ही चुनाव परिणामों को खारिज कर दिया था - ने मामले की जांच की मांग की।

उसी प्रेसवार्ता में चट्ठा ने पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा पर भी धांधली को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उनके आरोपों का जवाब देते हुए सीजेपी ईसा ने पूर्व कमिश्नर से उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों के समर्थन में सबूत दिखाने की मांग की।

हालांकि, चट्ठा ने अपने आरोपों को वापस लेते हुए खुलासा किया कि यह सब इमरान खान द्वारा स्थापित पीटीआई के साथ तालमेल के तहत किया था, क्योंकि इसके बदले "भविष्य में मेरे लिए आकर्षक पदों" की पेशकश की गई थी।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## नेपाल में तीन मंत्रियों की बर्खास्तगी पर अड़ा विपक्ष, संसद में हंगामा, प्रधानमंत्री से मांगा जवाब

**काठमांडू।** नेपाल की प्रचंड सरकार के तीन मंत्रियों की बर्खास्तगी की मांग को लेकर शुक्रवार को मुख्य विपक्षी पार्टी नेकपा (एमाले) के सदस्यों ने संसद में जमकर हंगामा किया। विपक्ष इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल 'प्रचंड' के बयान की मांग पर अड़ा रहा। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन में दिनभर कोई कामकाज नहीं हो सका।




नेकपा (एमाले) के सदस्यों ने प्रधानमंत्री प्रचंड से उनके तीन मंत्रियों पर दोष साबित होने के बावजूद कार्रवाई नहीं करने को लेकर आलोचना की। नेपाली संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की कार्यवाही में नेकपा (एमाले) के नेता योगेश भट्टराई ने कहा कि जब तक भौतिक निर्माण एवं यातायात मंत्री प्रकाश ज्वाला, स्वास्थ्य मंत्री मोहन बहादुर बस्नेत और पर्यटन संस्कृति एवं नागरिक उड्डयन मंत्री सुदन किरांती की बर्खास्तगी नहीं होती, सदन की कार्रवाई नहीं चलने देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को स्वयं इस विषय पर सदन में जवाब देना चाहिए।

पुलिस की गोली लगने से दो नागरिकों की मौत होने के बाद सरकार की जांच समिति ने मंत्री प्रकाश ज्वाला को दोषी ठहराया है। विपक्ष की मांग है कि सरकारी जांच समिति में ही जब मंत्री को मुख्य दोषी करार दे दिया गया है तो फिर उस मंत्री को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। नेकपा (एमाले) के प्रमुख सचेतक पदम गिरी ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि वो मंत्री प्रकाश ज्वाला को तत्काल बर्खास्त करें। पिछले महीने एक विरोध प्रदर्शन के दौरान मंत्री ज्वाला के जबरन भीड़ में जाने के कारण पुलिस को गोली चलानी पड़ी जिससे दो प्रदर्शनकारियों की मौत गई थी। दूसरे विपक्षी दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने संस्कृति मंत्री सुदन किरांती की बर्खास्तगी की मांग की है। कुछ दिन पहले हिन्दू विरोधी अभिव्यक्ति देने और क्रिश्चियन धर्म नहीं मानने वाले को संविधान विरोधी कहने वाले मंत्री किरांती को हटाने की मांग की गई है। आरपीपी सांसद धवल शमशेर राणा ने प्रतिनिधि सभा में कहा कि बहुसंख्यक हिन्दू धर्मावलंबियों की भावना को ठेस पहुंचाने के कारण किरांती को मंत्री बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसी तरह मंत्री किरांती पर पशुपतिनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक के पद पर एक क्रिश्चियन महिला को नियुक्त करने का भी आरोप है।

एक अन्य विपक्षी दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सांसद डॉ. तोषिमा कार्की ने स्वास्थ्य मंत्री द्वारा किए गए विभिन्न राजनीतिक नियुक्ति में पैसे के लेन-देन को लेकर कई स्थानीय मीडिया में प्रमाण सहित खबर प्रकाशित होने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने पर दुख व्यक्त किया है। डॉ. कार्की ने सदन में बताया कि सिर्फ राजनीतिक नियुक्ति ही नहीं बल्कि अस्पतालों में खरीद की गई मशीनों में मंत्री और उनके रिश्तेदारों को कमीशन दिए जाने की भी खबर प्रमाण सहित प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री को पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है इसलिए उन्हें तुरंत बर्खास्त करना चाहिए।

इन तीनों मंत्रियों की इस्तीफे की मांग पर अडे. विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बाद स्पीकर देवराज घिमिरे को सदन की कार्यवाही को पहले 15 मिनट के लिए फिर एक घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। विपक्ष के हंगामे के कारण सदन में कोई कामकाज नहीं हो सका।

## नवलनी की मां अपने बेटे के शव को गुप्त तरीके से दफनाने का कर रहीं विरोध

**मास्को।** रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद से परिजन लगातार शव की मांग कर रहे हैं लेकिन पुतिन सरकार इस बारे में कोई भी उचित जवाब नहीं दे रही है। नवलनी की मां ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अपने बेटे के शव को देखा है और लोगों की नजरों से दूर गुप्त तरीके से अंतिम संस्कार के लिए सहमति के वास्ते अधिकारियों द्वारा बनाए जा रहे दबाव का वह पुरजोर विरोध कर रही हैं।

सालेकहार्ड से एक वीडियो के माध्यम से अपना बयान जारी करते हुए ल्यूडमिला नवलनाया ने कहा कि जांचकताओं ने शहर के मुर्दाघर में उन्हें उनके बेटे के शव



को देखने की अनुमति दी। उन्होंने नवलनी का शव सौंपने की अपनी मांग दोहराई और गुप्त तरीके से शव को दफनाने पर सहमत होने के लिए अधिकारियों द्वारा बनाए जा रहे दबाव का विरोध किया।

उन्होंने कहा, वे मुझे ब्लैकमेल कर रहे हैं। वे शर्तें रख रहे हैं कि मेरे बेटे को कहां, कब और कैसे दफनाया जाए। वे चाहते हैं कि यह काम बिना किसी शोक समारोह के गुप्त तरीके से किया जाए।

# फिलीस्तीन में मृतकों की संख्या बढ़कर 29,410 हुई

**गाजा।** इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या बढ़कर 29,410 हो गई है, जबकि 69,465 लोग घायल हुए हैं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट में कहा गया कि फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान 97 फिलिस्तीनियों को मार डाला, जिसमें 132 अन्य को घायल हुए। नागरिक सुरक्षा और एम्बुलेंस कर्मचारियों की कमी के कारण



बमबारी के शिकार हुए कुछ पीड़ित मलबे में दबे रहे।

एक विमान ने गाजा शहर के अल-सबरा और अल-जायतौन में कई घरों पर बमबारी की, जिसमें बच्चों सहित कम से कम 20 फिलिस्तीनी मारे गए।

सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि गाजा के पश्चिम में अल-रिमल में आवासीय घरों की ओर तोपखाने के गोले दागे गए, जिसके परिणामस्वरूप निवासी हताहत हुए।

युद्धक विमानों ने गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा शहर में सीमा क्षेत्र पर तीन घरों को निशाना बनाया। 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास को जवाब देने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए थे।